
संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़ें ......
18 दिसंबर 2024, बुधवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 82
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### बाबा महाकाल को भक्तों ने दिल खोलकर दिया दान, 1 अरब 65 करोड़ की कमाई



**उज्जैन ।** बाबा महाकाल के भक्तों ने फिर दिल खोलकर दान दिया है। मंदिर की कमाई का हिसाब सामने आया है। आंकड़े के मुताबिक जनवरी 2024 से 13 दिसंबर 2024 तक 1 अरब 65 करोड़ रुपये से अधिक कमाए हैं। महाकाल को 399 किलो चांदी और 1533 ग्राम सोना भी चढ़ावे में आया है। महाकाल लोक बनने के बाद दर्शनार्थियों की संख्या बढ़कर डेढ़ से दो लाख प्रतिदिन हुई है।

## एक देश-एक चुनाव संशोधन बिल लोकसभा में पेश

### पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े, जेपीसी को भेजा गया



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** एक देश एक चुनाव बिल को लोकसभा ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया है, इसे विस्तृत चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भी भेज दिया गया है। लेकिन इस बार इस बिल का कानून बनना उतना आसान नहीं होने वाला है। क्योंके यह नहीं भूलना चाहिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास अपने तीसरे कार्यकाल में पूर्ण बहुमत नहीं है। ऐसे में विपक्ष के समर्थन के बिना एक देश एक चुनाव कानून नहीं बन सकता है

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को एक देश-एक चुनाव का संशोधन बिल लोकसभा में पेश किया। भाजपा ने कहा कि इस विधेयक से देश का विकास तेजी से होगा, क्योंकि बार-बार चुनाव होने से व्यवस्था बिगड़ती है। कांग्रेस ने कहा कि ये संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ है।

लोकसभा में अभी 543 सांसद है, ऐसे में एनडीए को बिल पारित करवाने के लिए 362 वोट चाहिए। अभी लोकसभा में एनडीए के पास सिर्फ 292 सांसद हैं, ऐसे में बहुमत पूर्ण करने के लिए विपक्षी सांसदों की मदद चाहिए होगी। इसी तरह राज्यसभा में इस बिल को पारित करवाने केलिए 164 वोट चाहिए। एनडीए के पास आंकड़ा बैठता है 112 का, 6 मनोनीत सांसद भी उसके साथ हैं। ऐसे में यहां भी दूसरी पार्टियों का समर्थन चाहिए होगा। विपक्ष की स्थिति की बात करें तो लोकसभा में उसके पास 205 वोट हैं तो वहीं राज्यसभा में 85 सांसद मौजूद हैं। ऐसे में अगर एक देश एक चुनाव को कानून बनना है तो विपक्षी वोट को भी अपने पाले में करने की जरूरत पड़ेगी जो आसान नहीं रहने वाला।

शिवसेना (शिंदे) और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने बिल का समर्थन किया। शिवसेना (शिंदे) के श्रीकांत शिंदे ने वन नेशन, वन इलेक्शन बिल का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस को रिफॉर्म शब्द से ही नफरत है। इस पर विपक्ष की ओर से जबरदस्त हंगामा शुरू हो गया। वहीं, टीडीपी की ओर से केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बिना किसी शर्त के बिल का समर्थन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों का चुनाव पर खर्च एक लाख करोड़ के पार पहुंच गया है।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम पर रोक

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड हाई कोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि जब तक कोर्ट आदेश नहीं देता तब तक रिजल्ट जारी ना किया जाये। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करे और अनुसंधान कर रिपोर्ट दें। इस मामले की अगली




सुनवाई अब 22 जनवरी, 2025 को होगी।

इस संबंध में राजेश कुमार की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

पूर्व की सुनवाई के दौरान वादी की ओर से बताया गया था कि 28 जनवरी को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 हुई थी। बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल भी हुए लेकिन छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक का आरोप लगाया था और विरोध-प्रदर्शन किया था। इसके बाद एसआईटी का गठन किया गया था। इस परीक्षा में जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ है उसी प्रकार 21 एवं 22 सितंबर की भी परीक्षा में पेपर लिखा हुआ है। राजेश प्रसाद ने इस संबंध में संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज की है, जिस पर भी कोई कार्रवाई नहीं करना संदेह उत्पन्न कर रहा है। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक को लेकर बड़ी संख्या में छात्र आंदोलित हैं।

## संभल के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके में मिला शिव मंदिर

एजेंसी

**वाराणसी ।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके मदनपुरा में 250 साल पुराना एक शिव मंदिर मिला है। मंदिर में पूजा-पाठ भी नहीं होता है। कई वर्षों से ताला बंद है। सोशल मीडिया पर मंदिर की तस्वीर वायरल होते ही मंगलवार को हिन्दू संगठनों के



कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। मंदिर के बाहर महिला कार्यकर्ताओं के शंखनाद से वहां भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। नगर के संवेदनशील इलाके में मंदिर मिलने पर पुलिस बल के साथ खुफिया तंत्र भी चौकस हो गया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार मदनपुरा के मकान नंबर डी-31 के पास स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर में पिछले 10 सालों से ताला बंद है। हिंदू संगठनों ने पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर मंदिर को फिर से खोलने की मांग की है। दावा किया है कि इस मंदिर का उल्लेख काशी खंड में भी है। इस मंदिर पर मालिकाना हक किसका है और ताला किसने बंद कराया, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### संक्षिप्त खबरें

#### राज कुंद्रा अब बिटकॉइन मामले में फंसे... संपत्ति हुई कुर्क

**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा ने बिटकॉइन घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी संपत्ति जब्त करने को लेकर आपत्ति जताई है। कुंद्रा ने कहा कि वह इस मामले में सिर्फ एक गवाह थे और उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी संपत्ति जब्त करने का ईडी का निर्णय उन्हें समझ में नहीं आता। कुंद्रा ने कहा, मुझे छह साल पहले इस मामले में गवाह के रूप में बुलाया गया था। मैंने सभी तथ्य ईडी को उपलब्ध कराए थे और मेरे अमित भारद्वाज के साथ किसी भी प्रकार के लेन-देन का कोई सबूत नहीं मिला। बावजूद इसके, मेरी संपत्ति जब्त कर ली गई। यह पूरी तरह अनुचित है।

#### जॉर्जिया में जहरीली गैस से 11 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली ।** जॉर्जिया के पर्वतीय रिसॉर्ट गुदौरी के एक रेस्तरां में 11 भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इसकी जानकारी भारतीय मिशन ने दी। जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि शुरुआती जांच में किसी भी तरह की चोट या हिंसा के संकेत नहीं मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि सभी की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड से हुई है। भारतीय मिशन ने यहां जारी एक बयान में शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मिशन ने कहा कि मारे गए भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और मामले में हरसंभव सहायता दी जाएगी।

#### महाकुंभ : होटल बुक करने के नाम पर हो रही ठगी

**प्रयागराज ।** महाकुंभ 2025 में देश भर से लोग अलग-अलग जगहों से प्रयागराज पहुंचेंगे। यहां आने वाले लोग वहां ठहरने के लिए ऑनलाइन होटल बुक कर रहे हैं, जिसके नाम पर कई लोग ठगी का शिकार हो रहे है, जिसके बाद लोग साइबर थाने में मामला दर्ज करा रहे हैं। इसको देखते हुए मेला प्रशासन ने अपील की है कि लोग फर्जी वेबसाइट और फर्जी टेंट बुकिंग से सावधान रहें।

## मुख्यमंत्री ने झारखंड सरकार का बकाया दिलवाने के लिए भाजपा सांसदों से की अपील

संवाददाता

**रांची ।** केंद्र सरकार के जरिये झारखंड सरकार का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये से इनकार करने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा सांसदों से अपील की है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है कि झारखंड भाजपा के सांसदों से उम्मीद है कि वे हमारे इस जायज मांग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे। झारखंड के विकास के लिए इस बकाये राशि की नितांत जरुरत है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार पर कोई बकाया नहीं है। रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ रुपये



बकाया नहीं है। केंद्र सरकार के इस जवाब के बाद केंद्र और राज्य के बीच इस मुद्दे को लेकर विवाद बढ़ने की संभावना है। यह झारखंड के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है, जिसमें सालों से कहा जाता रहा है कि केंद्र सरकार पर रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ रुपया का बकाया है, उसे वापस करना चाहिए। सांसद पप्पू यादव ने लोकसभा में यह सवाल उठाया था कि कोयला सहित माइंस से प्राप्त 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार पर बकाया है। केंद्र सरकार उसे झारखंड सरकार को नहीं दे रही है। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार के पास ऐसी कोई राशि बकाया नहीं है। केंद्र सरकार झारखंड के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करती है। उल्लेखनीय है कि 24 सितंबर को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यह मुद्दा उठाया था। साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया था कि केंद्र सरकार झारखंड का 1.36 लाख रुपये बकाये का भुगतान कर दें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जरिये प्रधानमंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव से पहले इसे बड़ा मुद्दा बनाया था।

## एसकेएमयू कर्मियों के सातवें वेतनमान निर्धारण के लिए राजभवन ने उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजा निर्देश

**● उच्च शिक्षा निदेशालय ने एसकेएमयू को भेजा पत्र-विश्वविद्यालय ने वेतन निर्धारण से संबंधित दस्तावेज नहीं भेजा**

विशेष संवाददाता

**दुमका ।** राजभवन ने झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय को पत्र भेज कर यह निर्देश दिया है कि एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का वेतन सातवां वेतनमान के आधार पर शीघ्र निर्धारण करे।यह जानकारी मंगलवार को कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने हड़ताली कर्मचारियों के साथ वार्ता के दौरान दी।

शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की 20 दिनों से चल रही हड़ताल एवं तालाबंदी की वजह से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के पीजी विभागों और अंगीभूत कॉलेजों में पठन-पाठन ठप है।हड़ताली शिक्षकेत्तर कर्मचारी सातवें वेतनमान की मांग कर रहे हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सातवें वेतनमान के आधार पर वेतन का निर्धारण झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय से होना है।इसके लिए निदेशालय और राजभवन को पत्र भेजा गया है। इस बीच 14 दिसंबर को निदेशालय ने एक पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा वेतन निर्धारण से संबंधित कोई भी दस्तावेज निदेशालय को नहीं भेजा गया है।इस सम्बन्ध में कुलपति का कहना है कि विश्वविद्यालय ने अपना पक्ष निदेशालय को भेजा है।निदेशालय को भेजे पत्र में विश्वविद्यालय ने कहा है कि सातवें वेतनमान के तहत वेतन निर्धारण के दस्तावेज पहले ही भेजे जा चुके हैं।मंगलवार को हड़ताली कर्मचारियों के साथ विश्वविद्यालय पदाधिकारियों की हुई वार्ता के दौरान कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि इस संबंध में एक नहीं बल्कि दो बार निदेशालय व राजभवन को पत्र भेजा गया है।

राजभवन ने निदेशालय को यथाशीघ्र सातवें वेतनमान के अनुसार वेतन निर्धारण करने का निर्देश भी उच्च शिक्षा निदेशालय को दिया है।पर यह मामला अभी उच्च शिक्षा विभाग में लंबित है।दूसरी ओर हड़ताली शिक्षकेत्तर कर्मचारी इस बात पर अड़े हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन आंतरिक स्त्रोत से सातवां वेतन दे।

कुलपति से वार्ता के बाद एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि जब तक सातवां वेतनमान नहीं मिलेगा,हमलोग हड़ताल पर डटे रहेंगे।

## राष्ट्रपति की फेक आईडी मामले में रांची के थाने में प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता

**रांची ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर फर्जीवाड़ा करने के प्रयास के मामले में रांची पुलिस ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है।

साइबर अपराधियों के जरिये आम लोगों से ठगी करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया था। झारखंड के एक नागरिक ने इस ओर पुलिस का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसके बाद रांची पुलिस ने पहले मामले की जांच की और फिर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि साइबर थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। संबंधित व्यक्ति से फेक आईडी का यूआरएल हासिल किया गया है और उसी के आधार




पर गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

राष्ट्रपति की फेक आईडी बनाने का मामला झारखंड पुलिस और दिल्ली पुलिस के संज्ञान में लाने वाले मंटू सोनी झारखंड के हजारीबाग के रहने वाले हैं। मंटू सोनी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि उन्हें राष्ट्रपति के फोटो वाले अकाउंट से एक मैसेज आया, जिसमें लिखा गया था कि जय हिंद, आप कैसे हैं। फिर प्रोफाइल के पीछे मौजूद साइबर अपराधी ने कहा मैं फेसबुक का बहुत कम इस्तेमाल करती हूं आप मुझे अपना व्हाट्सएप नंबर भेजो।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर दी जान

### दोनों ही थे नाबालिक, जाति थी अड़चन

संवाददाता

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट थाना के हरलाटांड स्टेशन से आधा किलोमीटर दूर 19 नम्वर पोल के निकट मंगलवार को करीब 11 बजे देवघर से गोड्डा जाने वाली लोकल ट्रेन से एक प्रेमी युगल नाबालिक युवक व युवती कटकर जान दे दी। शव को कई टुकड़ों क्षत विक्षत अवस्था में देखा गया। इस घटना की जानकारी रेलवे स्टेशन कर्मी द्वारा थाना पुलिस को दी गई। तभी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच दोनों के शव का ग्रामीणों के बीच शिनाख्त कराया। उसके बाद दोनों के शव को थाना ले आयी। साथ ही पंचनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए दुमका सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी मिली कि, उक्त युवक शिवम कुमार मंडल (17 वर्ष)(



पिता- सुभाष मंडल) जो देवघर मोहनपुर थाना के झालर गांव का रहने वाला था। वह अपने नाना मनोहर मंडल के घर सरैयाहाट थाना के कोरदाहा गांव में ही रहकर इंटर की पढ़ाई करता था। वहीं 14 वर्षीय बालिका रूक्मणी कुमारी ( पिता जगन्नाथ मंडल) जो इसी थाना के कोरदाहा पंचायत के नावाडीह गांव की रहने वाली थी। सुत्रो की मानें तो उक्त दोनों दोस्ती कोरदाहा में एक ट्यूसन सेंटर से हुई थी। दोनों के परिजनों को इसकी जानकारी थी। परन्तु दोनों की जाति अलग थी और लड़की पक्ष नहीं चाहते थे कि अभी नाबालिग बालिका की शादी हो। लेकिन दोनों प्रेमी युगल शादी के लिए उतावले थे। पर उनके परिजनों द्वारा शादी करने की अनुमति नहीं दी जा रही थी।

## कई ट्रेनों से छिन सकता है सुपरफास्ट का दर्जा, यात्रियों को होगा फायदा

### रेलवे बोर्ड जनवरी में करेगा नई समय सारणी जारी, होगा बदलाव

एजेंसी

**पटना ।** पूर्व मध्य रेलवे की आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनें सुपरफास्ट से बन जाएगी एक्सप्रेस। इन ट्रेनों की गति कम कर दी गई है और स्टॉपेज बढ़ गए हैं। इसलिए जनवरी 2025 में नई समय सारिणी में इनका सुपरफास्ट का दर्जा छिन सकता है। रेलवे बोर्ड इस पर विचार कर रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के कई ट्रेनों की रफ्तार और ठहराव में बदलाव के कारण, उन्हें सुपरफास्ट का दर्जा खोना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे बोर्ड जनवरी 2025 में नई समय सारिणी जारी करेगा। इसमें इन ट्रेनों से सुपरफास्ट का दर्जा छिन सकता है। इससे यात्रियों को फायदा ही होगा क्योंकि उन्हें सुपरफास्ट का अतिरिक्त किराया नहीं देना होगा। नवंबर 2024 में रेलवे बोर्ड ने सभी जोन और मंडलों से ट्रेनों के समय और



ठहराव की जानकारी मांगी थी। यह जानकारी मिलने के बाद अब बोर्ड नई समय सारिणी पर काम कर रहा है। रेलवे जून और अक्टूबर में समय सारिणी में बदलाव करता है, लेकिन 2024 में ऐसा नहीं हुआ। इसलिए अब 2025 में बड़े बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

सुपरफास्ट ट्रेनों की न्यूनतम गति 90 किमी प्रति घंटा होनी चाहिए, लेकिन बढ़ते ठहराव के कारण इन ट्रेनों की गति घटकर 70-75 किमी प्रति घंटा रह गई है।

## राज्यसभा में चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष ने संविधान को बताया सर्वोपरि और एक - दूसरे को बताया उससे खिलवाड़ करने वाला



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में भाग लेते हुए मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी (एस) नेता एच.डी. देवेगौड़ा ने सदन को इस बात पर विचार करने का आह्वान किया कि क्या जाति के आधार पर आरक्षण दिया जाना जारी रखा जाना चाहिए या इसे आर्थिक आधार पर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन को खुद इस पर विचार करना होगा कि अतीत में क्या हुआ था और क्या हमें इस देश में सिर्फ गरीबी के आधार पर आरक्षण देना चाहिए। उन्होंने कहा, %हमारे द्वारा अतीत में दिए गए आरक्षण के बावजूद लोग पीड़ित हैं। इससे उन लोगों को कोई राहत नहीं मिली जो अभी भी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।' पूर्व प्रधानमंत्री ने आपातकाल को इतिहास का काला दौर बताया। उन्होंने कहा कि पचास साल पहले, जब आपातकाल घोषित किया गया था, तो इस देश का लगभग पूरा राजनीतिक विपक्ष जेल भेज दिया गया था। देवेगौड़ा ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, ÷मुझे भी जेल भेजा गया था। मेरे कारावास के मानसिक दबाव ने मेरे पिता पर भारी असर डाला और आखिरकार उनका निधन हो गया। यह उन लोगों के लिए एक दर्दनाक समय था जो लोकतंत्र में विश्वास करते थे और अपनी राजनीतिक मान्यताओं पर अडिग थे।

### कांग्रेस ने संविधान को भी अपनी जागीर समझा : अमित शाह



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी संविधान और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर का सम्मान नहीं किया और साथ ही आरक्षण एवं धर्मनिरपेक्षता का ही सम्मान रखा। पार्टी ने संविधान को भी अपनी जागीर समझा और आज केवल वोट पाने के लिए संविधान लहराती है और आरक्षण की बात करती है। संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा के तहत सोमवार और मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा हुई।

## मुकेश अंबानी आर गौतम अडानी 100 बिलियन डॉलर क्लब खो़नकिन बाहेरेन

### एलन मस्क दो़ दुनिया़ रेन आ़डी माराङ किसा़ड़ हो़ड़

खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** किसा़ड़ हो़ड़ ला़गित् आ़डी नामडाक 100 बिलियन डॉलरआनक्लब खो़न मुकेश अंबानी आर गौतम अडानी दो़किन बाहेर आकाना। निया़बो़छो़र उनकिनाक् सोमपुती रे एकेन 3000 करोड़ टाका ढेरआकाना। कोविदड महामारी तायो़म थोड़ा सो़मो़य हा़बिच् मुकेश अंबानीदो़ टॉप 10 रेयाक् सूची रे ठा़व बानाव कातेको दो़हो़ लेदेया।निया़ बो़छो़र मुकेश अंबानीयाक् सोमपोती 9.76 लाख करोड़ टाकाताहेंयाकाना। रिलायंस इंडस्ट्री रे कारजा रे निवेशककोवाक् चिंता़य बाढ़ाव आकादा। रिलायंस इंडस्ट्रीज रेयाक् बानार शेयर पारो़मेन 6 चान्दो रे 14 फीसदी खो़न जा़सती जुरहा़



एना। ओनाते 100बिलियल डॉलरआन क्लब खो़ने बाहरे एना। नोआ क्लब रे नितो़क् एकेन16 गो़टेच् किसा़ड़ हो़ड़को सारेच् आकाना। ओ़को़याक् सो़मपोतीदो़ 235.54लाख करोड़ टाका मेनाक्। दुनिया़ रेन आ़डीकिसा़ड़कोवाक् सूची रे एलन मस्क मेनाया। नुयाक् सोमपोती 39 लाखकरोड़ टाका खो़न जा़सती रेयाक् मेनाक्आ। दुनिया़ रेन दोसारआ़डी किसा़ड़ हो़ड़ रे जैफ बेजोस मेनाया। नुयाक् नेटवर्क 20.88 लाखकरोड़ टाका मेनाक्आ। मुकेश अंबानी आर गौतम अडानीता़किनाक् 100बिलियन क्लब खो़नकिन बाहेरो़क् दो़, भारत ला़गित् मित् माराङझटका काना।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये santalexpress.com पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.............

# रॉयल्टी के मुद्दे पर गरमायी झारखंड की राजनीति

# भू राजस्व विभाग ने कोल इंडिया को लिखा पत्र, झामुमो ने कहा कोयला का एक ढेला भी बाहर नहीं जाने देंगे



संवाददाता

**रांची ।** कोयला रॉयल्टी के मुद्दे पर झारखंड की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। इस मामले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के निशाने पर केंद्र सरकार और कोयला कंपनियां हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस संबंध में भू राजस्व विभाग के द्वारा कोल इंडिया को पत्र के माध्यम से 15 दिन के अंदर जवाब देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में तत्कालीन कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने रांची में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रोजेक्ट भवन में मुलाकात की थी और बाद में सार्वजनिक रूप से कहा था कि झारखंड का रॉयल्टी का बकाया पैसा लौटाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट रूप से कहा था की रॉयल्टी का पैसा टैक्स के दायरे में नहीं आता है। नव सदस्यों के संवैधानिक पीठ ने भी झारखंड को रॉयल्टी का पैसा देने की बात कही थी। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड से गुजरने वाली रेल माल गाड़ियों पर भी रॉयल्टी वसूलने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि यह सरकार झुकने वाली नहीं है। कोयला कंपनियों को भी सख्त लहजे में सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कंपनी के अधिकारी पहले राज्य सरकार को पैसा दें उसके बाद खनन कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब पूरी तरह से ठान लिया है कि जब तक पैसा नहीं मिलेगा कोयल का एक ढेला भी बाहर नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में कोयला का खनन और ढुलाई पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा। झारखंड से भाजपा के सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों पर सवाल खड़ा करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर वे चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

## रॉयल्टी के मुद्दे पर केशव महतो ने कहा भाजपा की नीयत में है खोट, लड़ी जाएगी कानूनी लड़ाई



**रांची ।** झारखंड में विधानसभा चुनाव हारने के कारण भाजपा निर्लज्जता की हद पार कर रहा है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा की वित्त राज्य मंत्री द्वारा झारखंडी जनता का 1.36 लाख करोड़ रुपए रॉयल्टी के बकाये की मांग को ठुकराना उनके नियत में आयी खोट को उजागर करता है। झारखंडी जनता द्वारा नकारे जाने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पचा नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि हार का गुस्सा जनता पर निकालने के लिए झारखंड का पैसा हड़पने की कोशिश केंद्र सरकार कर रही है।भाजपा के नियत हमेशा शक दायरे में रहती है। क्योंकि नियत बदलने का,झूठ बोलने का भाजपा का पुराना इतिहास रहा है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नियत पर हमें पूरा शक था। इसलिए चुनाव पूर्व अपने जारी 7 गारंटी में हमने स्पष्ट कर दिया था कि बकाया 1.36 लाख करोड़ की वापसी के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो लड़ेंगे। पूरी झारखंड की जनता जानती है कि यह बकाया किस मद का है। यह कोयला पर पर रॉयल्टी का बकाया है,परंतु केंद्र तानाशाही ढंग अपना कर झारखंडियों के पैसे को बेईमानी से हड़पना चाहती है।

## जेएसएससी और सीजीएल परीक्षा पर न्यायालय का निर्णय छात्रों की जीत : बाबूलाल

संवाददाता



**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज जेएसएससी , सीजीएल परीक्षा के संबंध में उच्च न्यायालय के निर्णय और निर्देश का स्वागत किया।

श्री मरांडी ने कहा कि न्यायालय का यह निर्देश संघर्षरत हजारों छात्रों की जीत और राज्य सरकार की हठधर्मिता की पराजय है।

उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम पर न्यायालय द्वारा रोक लगाना स्वागतयोग्य निर्णय है।यह फैसला छात्रों के संघर्ष की जीत और हेमंत सोरेन सरकार के अहंकार की हार है।

कहा कि सभी छात्रों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई साजिश के खिलाफ आवाज उठाई।

कहा कि जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सत्ताधारी नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और आयोग की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए पारदर्शी परिणाम के लिए सीबीआई जांच बेहद जरूरी है।

कहा कि उम्मीद है माननीय उच्च न्यायालय सीबीआई जांच का आदेश देकर छात्रों को न्याय दिलाने की पहल करेगी।

## जर्जर सड़क से जुड़ी याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार और निगम से किया जवाब तलब

संवाददाता



**रांची ।** रांची शहर के अंदरूनी इलाके और संपर्क पथों की जर्जर हालत से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम से जवाब मांगा है। दोनों को यह बताने को कहा गया है कि सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने शुभम कटारूका की जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि रांची की वीआईपी सड़कों को छोड़ सभी की हालत जर्जर है। खासकर बड़ा तालाब के चारों तरफ से जाने वाली सड़कों की। सेवा सदन जाने वाली सड़क बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। इस कारण एंबुलेंस में मरीजों को आने में भी दिक्कत होती है। एंबुलेंस हिचकोले खाते हैं। कई बार वाहन आपस में टकराते भी हैं, जिससे मरीजों को परेशानी होती है।प्रार्थी ने कोकर चौक से होकर जाने वाली सड़कों का भी मामला उठाया। खराब सड़कों की उन्होंने कोर्ट में तस्वीर भी पेश की। अदालत को बताया कि रांची में जल जमाव भी एक बड़ी समस्या हो गई है। अदालत से आग्रह किया गया कि तकनीक और उच्च गुणवत्तायुक्त सामानों के साथ सड़क का निर्माण हो, ताकि लंबे समय तक सड़कें ठीक निर्माण हो, ताकि लंबे समय तक सड़कें ठीक रहें। शहर में सड़कों का निर्माण होता नहीं है, यदि हो भी जाए तो निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता।

## सीसीएल में कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रांची ।** सीसीएल रांची के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए इसके छह अनिवार्य पाठ्यक्रमों को पूरा करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रथम दिन यानि 16 दिसंबर को सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से 50 नोडल अधिकारीगण तथा 17 दिसंबर को सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से 70 नोडल अधिकारीगण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी प्रतिभागी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक पंजीकरण कर सकें।विभिन्न पाठ्यक्रमों में से किन्ही छह पाठ्यक्रमों को अनिवार्य रूप से पूरा करें।इस प्रक्रिया को पूरा करने में उनकी इकाइयों में अन्य लोगों की सहायता करें, जिससे पूरे संगठन में डिजिटल जागरूकता बढ़े।कार्यक्रम का उद्घाटन जीएम (एचआरडी) के रामकृष्ण ने किया।जिन्होंने संगठनात्मक विकास के लिए डिजिटल पहल के महत्व पर जोर दिया। विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआरडी) एवं सीएसपी प्रबंधक (खनन) द्वारा सत्र का संचालन किया गया।यह पहल कर्मचारियों के बीच डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और सीसीएल में इसके अनुपालन और क्षमता निर्माण की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।यह कौशल विकास और परिचालन दक्षता के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता और सरकार की पहल के अनुरूप है।

## साइबर ठग ने 99 हजार रुपये उड़ाये

**दुमका ।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के चिकनिया गांव से 99 हजार रुपये ठगी का मामला मंगलवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित भुवन मंडल ने बताया कि 12 दिसंबर को उसके मोबाइल पर 7489628627 नंबर से एक फोन आया। ट्रू कॉलर में आनंद कुमार दिख रहा था। फोन करने वाले ने बताया कि उसको पुलिस लाइन दुमका में जेसीबी का काम है। दोनों में बात होने के बाद 13 दिसंबर को जेसीबी मालिक भुवन ने अपना जेसीबी दुमका भेज दिया। उसके बाद उक्त नंबर पर फोन कर जेसीबी पहुंचने का जानकारी दिया गया। तो उक्त साइबर ठग के जरिये एडवांस देने के लिए एकाउंट नंबर मांगा गया। भुवन ने अपनी बेटी का फोन पे नंबर दे दिया। इसके साइबर अपराधी ने एक स्कैनर भेजा और उसे टच करने के लिए कहा। स्कैनर टच करते ही एक बार 50 हजार और दूसरे बार 49 हजार रुपये भुवन की बेटी के खाते से उक्त साइबर ठग ने उड़ा लिया। इसके बाद उसने अपना मोबाइल बंद कर दिया। बेटी ने अपने पिता को एकाउंट से पैसे कट जाने की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही भुवन के होश उड़ गये। इसके बाद भुवन बैंक गया और जानकारी ली। फिर मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## छात्र समन्वय समिति ने सीएम का पुतला फुका



**दुमका ।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज का विरोध में मंगलवार को छात्र समन्वय समिति के बैनर तले काफी संख्या में छात्र एसपी कॉलेज के सामने एकत्रित हुए और लाठीचार्ज की घटना के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया.इस बाबत छात्र नेता श्याम देव हेंब्रम ने कहा कि झारखंड में जेएसएससी सीजीएल एक्जाम को रद्द करने की मांग को लेकर छात्र लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं. सोमवार को कार्यालय घेराव के दौरान रांची में पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठियां बरसाई गई।

## सांसद ने आइएमसी स्थापित करने के मामले को सदन में उठाया

**पलामू ।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में मंगलवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला के तहत भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आइएमसी) स्थापित करने के मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन (एनआइसीडीसी) के तहत (अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रीयल) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आइएमसी) स्थापित करने का निर्णय केन्द्र सरकार के जरिये लिया जा चुका है। साथ ही राज्य सरकार को सूचित भी किया जा चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश राज्य सरकार भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित न कर बोकारो में स्थापित कराना चाहती है, परन्तु ध्यान देने योग्य बात यह है कि सेल के जरिये जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है, जो भविष्य में यदि इस आइएमसी का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो सके।

## अल्पसंख्यकों के मामलों पर रिपोर्ट कार्ड जारी : एस अली

**रांची ।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की पूर्व संध्या मंगलवार को मदरसा इस्लामिया अपर बजार में अल्पसंख्यकों से जुड़े मामलों पर आमया संगठन के तत्वावधान पर अल्पसंख्यक रिपोर्ट कार्ड 2024 जारी किया गया। मौके पर अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार की रक्षा, उनकी धर्म, जाति, भाषा, संस्कृति परंपरा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।किंतु पिछले कुछ वर्षों में अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।केंद्र एवं राज्यों की सरकार मौन है।उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्तर पर जहां प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 का लगातार उल्लंघन कर अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों को टार्गेट किया जा रहा है।वहीं पूर्वजों द्वारा वक्फ किए हुए सम्पत्ति को छीनने की नियत से वक्फ अधिनियम 1995 को संशोधित करने के लिए वक्फ बिल 2024 लाया गया है।

## छात्राओं से छेड़खानी मामले में आईजी ने चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया

संवाददाता

**रांची ।** अपर बाजार स्थित शिव नारायण मारवाड़ी बालिका प्लस टू विद्यालय की छात्राओं के साथ छेड़खानी के मामले में आईजी अखिलेश कुमार झा ने चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।निलंबित होने वाले पुलिस कर्मियों में कोतवाली थाना के सहायक अवर निरीक्षक सनातन हेम्ब्रम,मुंशी अविनाश कुमार और महिला थाना की थाना स्टाफ उर्मिला कोरबा सहायक अवर निरीक्षक उषा कुमारी शामिल है।इस संबंध में बताया जा रहा है छात्राओं के साथ हो रहे छेड़खानी की शिकायत करने कन्या पाठशाला के शिक्षक महिला थाना गए, वहां कहा गया कि यहां पति-पत्नी के मामले का निपटारा होता है। इसके बाद बिना शिकायत दर्ज किए कोतवाली थाना भेज दिया गया।जब शिक्षक कोतवाली थाना पहुंचे, तो वहां के मुंशी ने आवेदन लेकर उसपर किसी अपने वरीय पुलिस पदाधिकारी को इसकी जानकारी नहीं दी, न ही समय रहते कोई कार्रवाई किया।इस मामले में आईजी ने दो मुंशी और दो एएसआई को सस्पेंड कर दिया।

## बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, 70 बाइक बरामद



संवाददाता

**सरायकेला ।** सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान अबतक की सबसे बड़ी रिकवरी का रिकॉर्ड दर्ज करते हुए एक साथ चोरी के 70 बाइक बरामद करते हुए चार चोरों को भी गिरफ्तार किया है। जिले के दलभंगा ओपी में मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के तीन बाइक चोर कुचाई बाजार में मोटरसाइकिल चोरी करने आने वाले हैं। इसके बाद एसपी के जरिये विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के जरिये रायडीह मोड, तमाड़ निवासी शंकर मांझी उर्फ संदीप और भूषण मछुआ को सबसे पहले चोरी की एक बाइक के साथ धर दबोचा। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उसके जरिये रांची, चाईबासा, खूंटी, जमशेदपुर जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार, हाट एवं मेला से विगत कुछ वर्षों में करीब एक सौ से अधिक बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है।

## ड्रोन उड़ता देख ग्रामीणों ने कोल सर्वे कंपनी के कर्मियों को बनाया बंधक



संवाददाता

**दुमका ।** उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र सिलंगी गांव के ग्रामीणों के बीच उस समय अफरा-तफरी मच गई जब आकाश में कई ड्रोन एक साथ उड़ता हुआ देखा। ड्रोन काफी नीचे होने के कारण ग्रामीणों को किसी अनहोनी का डर सताने लगा। इसी बीच कुछ युवक एक ड्रोन को मार गिराया और ड्रोन को मॉनिटर कर रहे स्थान डाक बंगला तक पहुंच गये। डाक बंगला परिसर से नवेली उत्तरप्रदेश पावर प्रॉजेक्ट लिमिटेड कंपनी के आधा दर्जन कर्मी ड्रोन उड़ाकर कोल क्षेत्र का सर्वे कर रहे थे। इसकी जानकारी किसी ग्रामीणों को नहीं दिया गया था। सिलंगी के ग्रामीणों ने ड्रोन उड़ा कर सर्वे कर रहे है आधा दर्जन कर्मियों को चार घण्टे तक बंधक बना लिया। सभी ड्रोन और अन्य सामानों को डाक बंगला परिसर में रख कर सभी कर्मियों को बैठा दिया गया। तीन वाहनों में पहुँचे सात कर्मियों को बंधक बनाया गया था। तीन बजे के बाद टीम में मौजूद एसिस्टेंस इंजीनियर मंजीत कुमार ने ग्रामीणों को लिखित आवेदन दिया जिसमें उन्होंने अपनी गलती मानते हुए अगले दफा सूचना देकर ड्रोन से सर्वे या गांव में आने की जानकारी देंगे, जिसके बाद ही कार्य करेंगे। सर्वे कर रहे टीम में ड्रोन सर्वेयर शांतनु मंडल, विजय महतो, अशोक दास, विकास चंद्र लोहार, श्याम दास और हरीश शामिल थे।

## अंडर-17 शूटिंग टीम इंदौर रवाना



**रांची ।** खेलो झारखंड के तहत एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) नेशनल में भाग लेने के लिए अंडर-17 शूटिंग टीम आज इंदौर के लिए रवाना हो गई है। ये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करेंगे। गर्ल्स 10मी राइफल- आदिति और महिमा (रांची) ओपन साइट से प्रतियोगिता करेंगी, तनु वर्मा (चतरा) पीप साइट से भाग लेंगी। बॉयज 10मी राइफल, पृथ्वीराज पांडे (चतरा) पीप साइट से झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। नितीश कुमार (चतरा राइफल क्लब) को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और मेडल भी ला सकते हैं। चतरा राइफल क्लब की दोनों शाखाओं ने पहले भी खेलो झारखंड में शानदार परिणाम दिखाए हैं, और अब वे एसजीएफआई नेशनल्स में भी झारखंड का गर्व बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को भोजन के पैकेट वितरित किए



**रांची ।** स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोल माइनिंग मुख्यालय ने अपनी सीएसआर पहल के तहत गुरु नानक अस्पताल, रांची का दौरा किया और अस्पताल में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए आए लगभग 50 बच्चों को भोजन के पैकेट और स्वच्छता किट वितरित किए। इन बच्चों की माताओं को भी भोजन के पैकेट और स्वच्छता किट वितरित किए गए। इस अवसर पर स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन ने कहा कि इन बच्चों की मदद करने का हमारा मिशन यहीं नहीं रुकता, हम भविष्य में भी उनका समर्थन करते रहेंगे। अगर हम उनके जीवन में थोड़ी सी भी खुशी और आराम ला सकें, तो यह क्लब में हम सभी के लिए एक आशीर्वाद होगा। इस सीएसआर कार्यक्रम में श्रीमती शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष सह कल्याण प्रभारी, श्रीमती दीपा केशरी, महासचिव, श्रीमती परमेश्वरी डी, संयुक्त सचिव और श्रीमती स्निग्धा रानी माझी, कोषाध्यक्ष सहित क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## वीवीपीएस रांची में यातायात नियमों पर कार्यशाला आयोजित

**रांची ।** विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय यातायात सुरक्षा नियम था । कार्यशाला का नेतृत्व मो. जमाल अशरफ खान(जिला सड़क सुरक्षा प्रभारी, रांची)एवं मोहम्मद इम्तियाज(लालपुर यातायात थाना प्रभारी) विशेषज्ञों ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यातायात के नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि कैसे वे अपने जीवन में यातायात के नियमों का पालन करके सुरक्षित रह सकते हैं। उन्हें यह भी शपथ दिलाई गई कि वे अपने जीवन में यातायात के नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती जया प्रसाद ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करेगी।

## टाटा स्टील गोल्फ चैंपियनशिप 2024 : कपिल देव और अर्जुन मुंडा ने किया उद्घाटन



संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम ।** टाटा स्टील गोल्फ चैंपियनशिप 2024 के प्रो-एम इवेंट का मंगलवार को जमशेदपुर में शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि और पीजीटीआई अध्यक्ष कपिल देव, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और टाटा स्टील के कच्चे माल विभाग के उपाध्यक्ष और जमशेदपुर गोल्फ कप्तान डी बी सुंदरा रामम ने केक काटकर समारोह का शुभारंभ किया।मौके पर कपिल देव और अर्जुन मुंडा गोल्फ में दो-दो हाथ करते दिखे।टाटा स्टील गोल्फ चैंपियनशिप 2024 के प्रो-एम इवेंट को दिल्ली के पेशेवर शौर्या भट्टाचार्य और उनकी टीम ने जीता। शौर्या ने अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए कुल 52 के स्कोर के साथ प्रो-एम इवेंट में जीत हासिल की।शौर्या की टीम में शौकिया खिलाड़ी शांतनु वर्मा, तमन्ना जीत सिंह और मोनिका लुक्तुके शामिल थीं।

## रांची की छवि बेहतर बनाने के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे नगर निगम : मंत्री सुदिव्य



संवाददाता

**रांची ।** राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने मंगलवार को रांची नगर निगम के सभागार में निगम के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि रांची नगर निगम की भूमिका राजधानी रांची की बेहतर छवि बनाने के लिए अहम है। इसके लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।

मंत्री ने कहा कि सिविल वर्कस से संबंधित सभी लंबित योजनाओं को ससमय धरातल पर लाए। भविष्य की जरूरतों का आकलन करते हुए योजनाएं बनाएं। सभी योजनाओं के लंबित होने के कारण तथा कार्ययोजना पर समय-समय पर समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रह पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए निगम को स्वावलंबी बनना होगा। अपने कार्य संस्कृति में बदलाव लाए। इंटरनल रेवेन्यू बढ़ोतरी के लिए होल्डिंग टैक्स के भुगतान के लिए बड़े बकायेदारों को नोटिस दे। जिन आवासीय भवनों पर व्यवसाय चल रहे हैं, उनका सर्वे करते हुए कमर्शियल होल्डिंग टैक्स लेना सुनिश्चित करें। शहर के सभी लॉज, हॉस्टल, कोचिंग इत्यादि की भी असेसमेंट करते हुए कर का भुगतान ससमय करने के लिए नागरिकों को जागरूक करें। नए साल में आम लोगों की सहूलियत के लिए कर भुगतान करने के लिए नए ऑफर्स लाएं। नगर निगम के अधीन सभी अधिनियमों को कड़ाई से लागू करें।

## आजसू के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक कल

**रांची ।** गुरुवार को सुबह 11 बजे से हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई है।इस बैठक में केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ ही सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला महासचिव भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में विगत विधानसभा चुनाव, सांगठनिक विस्तार एवं भावी रणनीति के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की जाएगी।उल्लेखनीय है कि कल,18 दिसंबर को बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर सभी जिला मुख्यालयों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

## महावीर मेडिका अस्पताल में पहली बार आर्टिफिशियल हार्ट प्रक्रिया से सफल इलाज

संवाददाता

**रांची ।** बिहार और झारखंड के हृदय रोग उपचार में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज कराते हुए, मेडिका अस्पताल, रांची (मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप का हिस्सा) ने क्षेत्र की पहली ÷आर्टिफिशियल हार्ट÷ प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस अद्वितीय तकनीक ने झारखंड के मांडू की 70 वर्षीय महिला श्रीमती राम कुमारी देवी की जान बचाई, जो गंभीर हृदयाघात से जूझ रही थीं।





आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस उपलब्धि की घोषणा की गई, जिसमें डॉ. धनंजय कुमार ), डॉ. दीपक कुमार , डॉ. रोहित कुमार (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. सुनील कुमार (सीनियर कंसल्टेंट - कार्डियो-थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जन) और डॉ. विजय कुमार मिश्रा (मेडिकल डायरेक्टर, मेडिका अस्पताल) उपस्थित थे।डिवाइस÷ एक क्रांतिकारी तकनीक इम्पेला डिवाइस के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि ÷इम्पेला ) डिवाइस हृदय रोगों के इलाज के लिए एक क्रांतिकारी समाधान है, खासकर उन स्थितियों में जहां पारंपरिक प्रक्रियाएं कमजोर हृदय के कारण अधिक जोखिमभरी हो जाती हैं। हृदयाघात जैसी गंभीर परिस्थितियों में यह डिवाइस अहम भूमिका निभाता है, जहां किसी भी त्वरित हस्तक्षेप से कार्डियक शॉक का खतरा हो सकता है, जो हृदय की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है। इस जोखिम को कम करने के लिए मरीजों को अस्थायी रूप से इम्प्लांट पर रखा जाता है।

## लापता मजदूर का शव कुएं से बरामद

**गिरिडीह ।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सीहोडीह के एक कुएं से मंगलवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान सिहोडीह निवासी अशोक वर्मा के रुप में की गयी है। मृतक पांच दिनों से लापता था। कुएं से बदबू निकलने पर स्थानीय लोग कुएं के पास पहुंचे, तो देखा कि कुएं में अशोक वर्मा का शव है।

## पिस्टल के नोक पर 42850 रुपए एवं मोबाइल की छिनतई

**कर्माटांड़ ।** कर्माटांड़थाना क्षेत्र के अंतर्गत सियाटांड़ शिकरपोसनी जोरिया पुल के पास बाइक सवार दो अज्ञात लोगों के द्वारा पिस्तौल दिखाकर मारपीट कर हजारों रुपए और मोबाइल छीन लेने की मामला सामने आई है उक्त जानकारी गोपाल मंडल पिता पोवन मंडल ग्राम शिकर?पोसनी थाना कर्माटांड़ का रहने वाले ने थाना में लिखित आवेदन देकर किया है। उन्होंने कहा कि बीती रात्री 11¬45 स्थान सियाटांड़ और शिकर?पोसनी के बीच टूटा हुआ पुल के ऊपर अज्ञात दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर खडा था, मुझे देखकर रोका और पिस्टल निकाल कर सर पर जोर से मारा, जिससे पूरा जोर माथे से खून बहने लगा। और हाथ से मुंह पर जोर-जोर से मारने लगा। और दोनो व्यकि मेरा मोबाइल और पैसा 42850 रुपया दाहिने पैकेट के जैकेट से निकाल लिया यह घटना में अपनी बडी बहन (नीरनुआ देवी पति राजेन्द्र) सियाटांड़ से शिकर?पोसनी अपने घर जा रहा था। उक्त घटना को लेकर पीड़ित ने कर्माटांड़ थाना में आवेदन देकर उचित जाँच कर उचित कारवाई करने की मांग की है।

## रेल यात्री सुविधा बढ़ाने की मांग को लेकर आजसू नेता ने गिरिडीह सांसद को लिखा पत्र

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** गिरिडीह के सांसद को एक पत्र के माध्यम से आजसू बड़हरवा के प्रखंड सचिव प्रणव कुमार साहा ने रामपुरहाट-साहिबगंज रेलखंड में यात्री सुविधाओं की बहाली की मांग की है।कोरोना काल के बाद से कई लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन बंद रहने से यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।पत्र में बताया गया है कि रामपुरहाट से साहिबगंज-मालदा रेलखंड पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन नहीं हो रहा है,जिनमें प्रमुख रूप से 53137/38,53417/18, 53043/44 और 13133/34 (सियालदाह-वाराणसी एक्सप्रेस) शामिल हैं।इन ट्रेनों के संचालन की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि यात्रियों को सुगम और सस्ती यात्रा का विकल्प मिल सके।इसके साथ ही,प्रणव कुमार साहा ने हावड़ा के लिए वैकल्पिक ट्रेनों के ठहराव की भी मांग की है।उन्होंने हावड़ा गया एक्सप्रेस(13023/24),हावड़ा साहिबगंज इंटरसिटी (13427/28)का ठहराव कोटालपोखर रेलवे स्टेशन पर और हावड़ा मालदा इंटरसिटी (13011/12) का ठहराव गुमानी स्टेशन पर सुनिश्चित करने की अपील की है।साहा ने कहा कि इन मांगों को माननीय रेल मंत्री के ध्यान में लाने की आवश्यकता है,ताकि क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें।उन्होंने आशा जताई कि सांसद और रेल मंत्रालय इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर शीघ्र निर्णय लेंगे।

## झारखंड- बंगाल पुलिस की संयुक्त बैठक, सीमावर्ती अपराध पर नकेल कसने को लेकर हुई चर्चा

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** मंगलवार की शाम झारखंड बंगाल पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में लोकपुर थाना में बीरभूम जिले के सिउड़ी सदर के पुलिस उपाधीक्षक अनवर तनवीर के अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में बीरभूम जिले के लोकपुर, चंद्रपुर, राजनगर थाने के अलावे झारखंड के कुंडहित, बागडेहरी , रानीश्वर थाना के थानेदार एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बीरभूम जिले के सिउड़ी सदर पुलिस उपाधीक्षक अनवर तनवीर ने उपस्थित थानेदारों को जानकारी देते हुए बताया बंगाल- झारखंड सीमा क्षेत्र में अपराध को किस तरह से रोका जाए तथा अपराधी के ऊपर त्वरित करवाई कैसे किया जाए इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया । उन्होंने कहा कि अधिकतर समय देखा जाता है बंगाल में अपराधी द्वारा अपराध कर झारखंड सीमा घुस जाते हैं। वही झारखंड में भी इसी तरह अपराधी द्वारा अपराध कांड कर बंगाल में घुस जाते हैं । लेकिन पुलिस मुंह दर्शक बनकर रह जाते हैं । इस अपराध को रोकथाम तथा तड़ित कार्रवाई के लिए पुलिस को इसे हटकर काम करना है। उन्होंने कहा बंगाल या झारखंड में अपराधी द्वारा अपराध कर सीमा में घुस जाते हैं तो पुलिस पदाधिकारी को अपराधी का पीछा करते हुए सीमा में घुस कर अपराधी को धरपकड़ कर सकते हैं। समय मिला तो स्थानीय पुलिस प्रशासन को टेलीफोन सूचना दे सकते हैं। बाद में पुलिस द्वारा अनौपचारिक कानून कागजी तैयार करेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया इससे सीमा क्षेत्र में अपराधी पर पुलिस की डर रहेगी। उन्होंने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड हो या बंगाल दोनों क्षेत्र में साइबर अपराधी पैर पसारे हुए हैं । उन्होंने बताया कि अब हम सीमा क्षेत्र में घुसने के लिए स्थानीय पुलिस को टेलीफोन सूचना देने के बाद अपराधी पर कार्रवाई कर सकते हैं। इस तरह से काम करने पर अपराधी पर नियंत्रण हो सकता है। मौके पर लोकपुर थाना प्रभारी पार्थ कुमार घोष ,चंद्रपुर थाना प्रभारी अभिषेक घोष, राजनगर थाना प्रभारी झुमरी सिन्हा, बागडेहरी थाना प्रभारी अमित कुमार, कुंडहित के एसआई सरोज कुमार एवं रानेश्वर थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का किया उद्घाटन



**कर्माटांड़।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मकाटी कोठी में विद्यासागर न्यू राइजिंग क्लब के सौजन्य से कर्माटांड़ प्रीमियर लीग सीजन फॉर का उद्घाटन पूर्व कृषि मंत्री रणधीर कुमार सिंह एवं भाजपा नेता महेंद्र मंडल के द्वारा फीता काटकर किया गया आज का मैच देवघर वर्सेस मधुपुर के बीच खेला गया ,टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए देवघर की टीम ने 20 ओवर में 164 रन बनाए , कुमार गौरव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बनाए, वहीं लक्ष्य के पीछा करते हुए मधुपुर के टीम ने 20 ओवर में 162 रन ही बना पाए ,वही मैन ऑफ द मैच एस सिंह को दिया गया जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30 रन बनाकर 2 विकेट लिए ,इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश महतो मुकेश महतो राजेंद्र मंडल आदि नेता उपस्थित थे। पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र के सभी युवा साथी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं । यह टूर्नामेंट बहुत ही महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है इस टूर्नामेंट में झारखंड के अलग-अलग जिला से लेकर दूसरे राज्यों से भी खिलाड़ी आकर इस टूर्नामेंट में पार्टिसिपेट कर रहे हैं जो कर्माटांड़ विद्यासागर के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात है इस छोटे से शहर में युवा की सौजन्य से इतने बड़े न्यूज़ गेंद से टूर्नामेंट करवा रहे हैं सभी खिलाड़ियों एवं कमेटी के सदस्य बधाई के पात्र हैं आप सभी इसी तरह खेल में आगे बढ़ते रहे आगे भी आप लोगों के साथ थे और इससे आगे भी रहेंगे हमारी जहां जरूरत पड़ेगी हम आपके साथ खड़े हैं। उद्घाटन के मौके पर प्रथम मैच मधुपुर बनाम देवघर के बीच खेला गया जिसमें मधुपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया मौके पर विद्यासागर न्यू राइजिंग क्लब अर्जुन मंडल महेंद्र मंडल के सदस्य कुंदन मंडल मुकेश मंडल अक्षय मंडल पिंटू मंडल संजय यादव निवास मंडल तनवीर आलम राहुल मंडल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## प्रखंड के कई गांव में पशु गणना का कार्य आरंभ

**मंडरो,साहिबगंज।** प्रखंड के पिंडरा,महादेववरन,सिमड़ा व तेतरिया पंचायत के गांव में मंगलवार को 21वीं पशु गणना का शुभारंभ मिर्जाचौकी के पशु चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार की उपस्थिति में किया गया।जिसमें पिंडरा गाँव एवं गांधीनगर गाँव मे सभी पशुधन पशुपालकों से अनुरोध किया गया है,कि आपके पंचायत में पशुधन गणक कार्यकर्ता आपसे पशुओं की संख्या एवं कृषि से संबंधित जानकारी पूछेंगे।उन्हें सुविधाजनक एवं सम्मान के साथ उनका सहयोग करने का आपसे अपेक्षा रखेंगे।मौके पर पशु गणना कार्यकर्ता सुनील सोरेन,भागवत रजक,राजीव रजक,चंद्रेव सिंह स्वादिन साहा,संदीप कुमार,प्रमोद कापरी एवं सुभाष कुमार शमिल थे।

## परिवहन विभाग ने जब्त किया 15 टोटो

**साहिबगंज।** परिवहन विभाग ने मंगलवार को जिरवाबाड़ी थाना के समीप ई रिक्शा जांच अभियान चालया। इस दौरान।दर्जनों टोटो चालकों से रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस व अन्य दस्तवेज की जांच की गई। दस्तावेजों के अभाव में 15 टोटो को जब्त कर लिया गया। डीटीओ ऑफिस के कर्मी अनुज पराशर व राज हंस ने बताया कि जांच में लगभग 15 हजार रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई।

## राजमहल व बोरियो विधायक का हुआ नागरिक अभिनंदन




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** शहर के बड़ी धर्मशाला में मंगलवार को साहिबगंज नागरिक गण ने नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा व विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजमहल विधायक एमटी राजा व बोरियो विधायक धनंजय सोरेन ने शिरकत की। इस दौरान अतिथियों का भव्य स्वगत किया गया। नागरिकों ने खासमहाल से मुक्ति, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुधारने व शहर एवं जिला की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। समारोह को संबोधित करते हुए झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने कहा कि जनता के दिये जनाधार का सरकार सम्मान करेगी। साहिबगंज में हवाई अड्डा, राजमहल में गंगा पुल का निर्माण होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य बुनियादी जरूरतों पर सरकार पूरा ध्यान केंद्रित करेगी। साहिबगंज का सम्पूर्ण विकास किया जाएगा। समारोह को राजमहल विधायक एमटी राजा, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन व अन्य ने भी संबोधित किया। इस दौरान कई नागरिकों व समितियों ने अतिथियों को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।नमौके परअधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रिजवी, आदिवासी जनजातीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नज़रुल इस्लाम, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, एसडीपीओ किशोर तिर्की, अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू, चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा सहित साहिबगंज के गनमान्य लोग मौजूद थे।

## भाजपाइयो ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।** राज्य में आंदोलनकारी छात्रों पर हमले और लाठी चार्ज मामले को लेकर मंगलवार शाम को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहर के गांधी चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया. भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे की मौजूदगी और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक साहा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया. मौके पर मौजूद जिला अध्यक्ष अमृत पांडे ने कहा कि राज्य सरकार पढ़े-लिखे युवाओं को छलने का काम कर रही है।जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक साहा ने कहा कि एक और राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सरकार पढ़े लिखे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का काम कर रही है मौके पर पार्टी के ,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, पूर्व भाजपा महामंत्री पवन भगत,दुलाल कुमार सिंह, पार्वती देवी,जिला महामंत्री रूपेश भगत पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी निर्मल दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएचओ,एएनएम तथा बीटीटी के साथ मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई संपन्न



**नाला (जामताड़ा)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को नाला सीएचसी के सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे बीटीटी,सीएचओ तथा एएनएम के साथ मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई7 बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने की7 इस दौरान सीसीएम जामताड़ा अंतेश कुमार तथा डीसी गौरव अकेला ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मातृ मृत्यु दर ,शिशु मृत्यु दर के अलावे टीकाकरण के बारे में प्रगति समीक्षा की गई साथ ही रेड जॉन वाले में अपेक्षित प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बताया गया कि वैसे केंद्र जहां एएनसी लक्ष्य के मुताबिक पीछे है वैसे स्वास्थ्य कर्मियों को 90त्न उपलब्धि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही सामुदायिक चिकित्सा पदाधिकारी को स्क्रीनिंग करने का निर्देश दिया गया इसके अलावे आर आई, बीसीजी कवरेज जहां पुअर है उसके अनुपात को बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम के इंडिकेटरों की प्रगति समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।इस अवसर पर भीसीसीएम अंतेश कुमार, डीपीसी गौरव अकेला, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी, डॉ रामकृष्ण बाबू,प्रशिक्षक निरंजन दास, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा बीटीटी अंजू माजी,बीटीटी प्रदीप कर,फिरोज आलम,एएनएम एनी एलिजा सोरेन, स्टेनशीला सोरेन,हेमलता, किरण सिन्हा, नीतु कुमारी,नीलु कुमारी, टुलटुली रुईदास, सोनी कुमारी, अन्नु कुमारी,मिठु कुमारी,अविनाश कुमार, प्रिती केरकेट्टा, सरोज टुडू, ठंडा मंडल सहित सभी सीएचओ,एएनएम आदि मौजूद थे।

## 18 दिसंबर को होगा जन शिकायत समाधान

**साहिबगंज।** नागरिकों की शिकायत का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण करने हेतु आज जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन होगा। एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि 18 दिसंबर को सुबह 10¬30 बजे से राजमहल अनुमंडल के टाउन हॉल में राजमहल, राधानगर, तीन पहाड़, तालझारी व महिला थाना, बरहरवा अनुमंडल के पतना ब्लॉक सेमिनार हॉल में कोटलपोखर, बरहरवा, रांगा थाना व बरहेट थाना क्षेत्र एवं साहिबगंज अनुमंडल के टाउन हॉल में नगर, जिरवाबाड़ी, मुफ़स्सिल, मिर्जाचौकी, बोरियो, अहातू, एससी-एसटी व महिला थाना क्षेत्र के लोगों की शिकायतें सुन उनका निवारण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपनी समस्या लेकर शिविर में पहुंचने की अपील की है।

## हमेशा रेलवे फाटक बंद करने से स्थानीय लोगों का मुश्किलें बढ़ीं..



**संथाल एक्सप्रेस/ बरहरवा।** रेलवे विभाग ने बरहरवा रेल फाटक को हमेशा के लिए बंद करने का आदेश जारी किया है,आदेश जारी होने के पश्चात ही मंगलवार को रेलकर्मियों ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। रेलवे फाटक के दोनों छोर जेसीबी से गड्ढा कर लोहे का खंभा गाड़ कर हमेशा के लिए बंद कर दिया।इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल व बरहरवा पुलिस उपस्थित थे। फाटक बंद होने से यहां के लोगों की मुश्किलें बड़ गई है। फाटक होते हुए आर पार करने वाले लोगों को अब अंडरग्राउंड पुलिया का सहारा लेना होगा। लेकिन इस पुलिया में सिर्फ और सिर्फ छोटे मोटे वाहन ही आ जा सकते है। बड़ी वाहन को 6 से 7 किलोमीटर पश्चिम फाटक दिग्घी या पूर्व में मोगलपाड़ा फाटक क्रॉस कर के ही बरहरवा बाजार के दोनों तरफ में प्रवेश करना पड़ेगा। बरहरवा नगर की लोगों को अब पुनःजाम की समस्या को झेलना पड़ेगा ।बताते चले कि बरहरवा अक्सर जाम की समस्या को लेकर अख़बार के सुर्ख़ियों में रहते आया है। वही रेलवे फाटक के बंद होने से यहां के किसानों की परेशानी काफी बड़ी गई है।

## प्रखंड प्रमुख ने किया कंबल का वितरण

**मंडरो,साहिबगंज।** प्रखंड के प्रभारी प्रमुख शीला देवी के द्वारा मंगलवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए असहाय,वृद्ध व विधवा महिलाओं को कंबल का वितरण किया।प्रमुख शीला देवी ने बताई की गरीब,असहाय और वृद्ध लोगों के बीच बढती ठंड को देखते हुए महादेववरन पंचायत के उत्तरी महादेववरन,लोहरपट्टी, गांधीनगर,उत्तरी महादेववरन, नयाटोला,नीमगाछी के लोगों के बीच 20 कंबल का वितरण किया गया।वहीं बताई की और बांकी बचे हुए लोगों के बीच जल्द कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि शिव शंकर गुप्ता सहित कई कंबल प्राप्त करने वाले लाभुक उपस्थित थे।

## कालाजार रोग रोक थाम को लेकर किया जा रहा है, सर्वे



**मंडरो,साहिबगंज।** प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा क्षेत्र में कालाजार रोगी कि रोक थाम को लेकर गांव-गांव में जाकर रोगी खोज को लेकर सर्वे किया गया जा रहा है।सिविल सर्जन के निर्देशानुसार क्षेत्र में कालाजार रोगी कि खोज को लेकर सहिया साथी व सहिया सर्वे का कार्य कर रही है।ताकी क्षेत्र में कहीं भी कालाजार से पीडित रोगी मिलती है,तो उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जा कर ईलाज कराया जा सके व बढ़ते कालाजार रोगी पर रोकथाम किया जा सके।वहीं निर्देशानुसार कहा गया है, कि जागरुक करते कहा कि क्षेत्र में एक भी कालाजार रोगी मिलता हैं।या लक्षण दिखाई पड़ता है, तो अपने नजदीकी सहिया एवं सहिया साथी को इसकी सूचना दें ताकि इसका तुरंत ईलाज किया जा सके।मौके पर सहिया साथी सविता देवी व सहिया सनोती टुडू सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी कालाजार सर्वे अभियान में शामिल थे।

## उद्यान विभाग ने स्ट्रॉबेरी पौधों का किया वितरण

**साहिबगंज/**उद्यान विभाग ने अभिसरण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 राज्य बागवानी मिशन एवं उद्यान विकास योजना अंतर्गत स्ट्रॉबेरी पौधों का वितरण उद्यान मित्र, बगवान मित्र, जेएसएलपीएस, प्रवाह एनजीओ एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट के चयनित कृषकों के बीच किया। बरहेट प्रमुख बर्नाड मरांडी ने जिला के बरहेट, पतना, बरहरवा, उधवा, राजमहल, बोरिया व मंडरो प्रखंड के कृषकों को पौधा सौंपा। उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने बताया कि स्ट्रॉबेरी पौष्टिक गुणों से युक्त फल है। इसका उत्पादन कर जिले के किसान अपना जीवन सवार सकते हैं। मौके पर उद्यान विभाग के किसान कॉर्डिनेटर प्रेम पासवान, जेएसएलपीएस राहुल कुमार, अमित, राजकुमार व कुंदन, प्रवाह एनजीओ से शंकर महतो, ग्रामीण विकास ट्रस्ट से स्वीटी मित्रा, उद्यान मित्र मंटू रजक, सत्यनारायण चौरसिया, बगवान मित्र बाबूजी सोरेन, राजेंद्र शाह, जीतन रविदास, डब्लू गुप्ता एवं अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने इंटर कॉलेज का किया दौरा, प्रोफेसर ने समस्या से कराया अवगत

**राजमहल।** स्थानीय विधायक एमटी राजा का मंगलवार को तीनपहाड़ इंटर कालेज तीनपहाड़ में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। वहीं कालेज के प्राचार्य प्रो रणधीर सिंह ने विधायक से कॉलेज की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान विधायक एमटी राजा ने कहा कि इस विषय पर सभी को मिल कर काम करना है जहां तक कालेज विकास की बात है तो इसके लिए बैठ कर बात करना होगा साथ ही इसके लिये छात्रों की नामांकन भी मायने रखता है ज्यादा से ज्यादा नामांकन हो। क्षेत्र की विकास करना ताकि छात्रों सहित जनता की समस्या दूर हो सके।मौके पर बलराम सिंह, परवेज रिजवी,आशीष यादव, सुशील यादव, मो. नाजिम, मुर्शिद राजा, प्रशांत ठाकुर, शाहिद रिजवी ,मो खुर्शीद,मो अनीस, एमएस बेचन, नुरुल अमीन,मो नईम, श्यामल रक्षित,मानिक सेन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वार्षिक मिलन समारोह तीनपहाड़ में आयोजित



**राजमहल ।**32 वां राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर अनुमंडल पेंशनर समाज का मंगलवार को वार्षिक पेंशनर मिलन समारोह तीनपहाड़ के बाबुपुर पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल विधायक एम टी राजा शामिल हुए। जिनका माला पहना कर और शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पेंशनर समाज के लोगों ने विधायक से राजमहल और तीनपहाड़ में अनुमंडल पेंशनर समाज के कार्यालय के लिये एक भवन उपलब्ध कराने की मांग किया। साथ ही कहा की पेंशन खैरात नही है पेंशनरों का कमाया हुआ वेतन है साथ ही हम सब लोगों को मिल कर पेंशनर समाज के संगठन को बढ़ाना होगा। कार्यक्रम मंच संचालन सीताराम मंडल ने किया । मौके पर कोष प्रभारी झारखंड राज्य पेंसनर समाज रांची चंद्रकांत सिंह ,महासचिव महेश कुमार सिंह ,काशीनाथ भगत ,शोभा यादव ,मुलचंद मेहरा,सचिदानंद मधुकर,राम कुमार यादव, सलोमी हांसदा ,इसरारुल हक, राम कुमार यादव,मुकुंद लाल मंडल,मो अकुल कयूम,जीवन महलदार,प्रमिला देवी, कल्पना रानी दास,नारायण प्रसाद मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

## वित्तीय गड़बड़ी उजागर करने पर प्रधानाध्यापिका ने संयोजिका को जेल भेजने की दी धमकी

**साहिबगंज संताल एक्सप्रेस।** जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय पोखरिया में भोजन की राशि गड़बड़ी की जाती रही है। करीब सभी विद्यालयों में यह खेल चल रहा है। विद्यालय की इसी गड़बड़ी को अब मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया की संयोजिका ने उजागर किया है। दरअसल इस विद्यालय की संयोजिका रिया कुमारी ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पर आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। डीएसई को सौंपे आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 3 माह से उसे बिना कुछ बताएं चेक पर साइन करवा कर पैसे की निकासी कर ली जाती थी। जब उन्होंने बच्चों के हिसाब से निकल गए पैसे और दिए जाने वाले सामग्री का हिसाब किया तो पता चला कि उन्हें कम सामग्री दी जा रही है। बताया कि 30 अक्टूबर को हुए विद्यालय की मासिक बैठक में उन्हें प्रधानाध्यापिका ने निर्देश दिया कि खर्च का हिसाब और रजिस्टर में चढ़ने वाला हिसाब अलग-अलग रखना है। 27 नवंबर को हुई मासिक बैठक में जब उन्होंने खर्च की गई राशि और निकासी की गई राशि का हिसाब दिया तो पता चला कि ख से अधिक राशि की निकासी की जा रही है। पुनः 5 नवंबर को 43379 रुपए का चेक पर साइन कराया गया पर खर्च 18342 रुपए हुआ था। यानी खर्चे से अधिक घोटाला हो रहा था। संयोजिका ने कहा कि जब तक उन्हें इस गड़बड़ी की जानकारी नहीं थी तब तक उन्होंने चेक पर साइन किया पर इसकी जानकारी होने पर उन्होंने चेक पर साइन करने से मना कर दिया। बताया कि संयोजिका का के चेक पर साइन करने से मना करने पर प्रधानाध्यापिका ने उन्हें जेल भेजने और पद मुक्त करने की धमकी भी दी। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक से अनुरोध किया है कि मामले की जांच कर खर्चे से अधिक राशि की निकासी पर रोक लगाई जाए। उन्होंने गलत कैशे में फंसाए जाने या पद मुक्त कर दिए जाने की भी अंदेशा जाहिर की है।

## विवाहिता ने मुखिया पर लगाया दुष्कर्म का आरोप,प्राथमिकी दर्ज

**उधवा।** राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता महिला ने दक्षिण पियारपुर पंचायत के मुखिया सहीदुल रहमान पर दुष्कर्म करने ज का आरोप लगायी है। मामले को लेकर पीड़िता ने मंगलवार को राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दिए आवेदन पर उन्होंने बतायी है कि बीते 8 दिसम्बर की रात्रि को मैं अपने घर में सोई थी। उनके पति घर में नहीं था। वह शौच करने के लिए घर का दरवाजा खोलकर जा रही थी। इसी बीच मुखिया सहीदुल रहमान उनको पकड़ लिया और बरामदे में ले जाकर दुष्कर्म किया। महिला के द्वारा शोरगुल की आवाज करने पर आरोपी वहां से फरार हो गया। महिला ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दिया। उधर,राधानगर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर थाना कांड संख्या 240/24 धारा 64 (2),75,78 के तहत सहीदुल रहमान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## डीएमओ पर अरशद ने लगाया जान से मरवा देने की धमकी का आरोप

**साहिबगंज।** मंगलवार को चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर ने एसपी व डीसी से कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कु के ख़िलाफ़ भद्दी-भद्दी गाली-गलौज व जान से मार-मरवा देने की धमकी देते हुए खनन कार्यालय के सीढ़ी पर से ही भगा देने का अत्यंत ही गंभीर आरोप लगाते हुए इसकी सुचना अरशद नसर ने तत्काल दुरभाष से जिले के डीसी-एसपी व जिरवाबाड़ी थाना को देते हुए कार्रवाई करने का गुहार लगाया.डीसी-एसपी ने घटना की लिखित शिकायत देने को कहा.अरशद ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को जब खनन कार्यालय में दिए आवेदन पर कार्रवाई की जानकारी लेने जैसे ही कार्यालय के सीढ़ी पर चढ़े वैसे ही खनन पदाधिकारी किस्कु ने आकर भद्दी-भद्दी गाली-गलौज,दुर्व्यवहार व जान से मार-मरवा देने की धमकी देते हुए सीढ़ी पर से ये कहते हुए भगा दिया की आइंदा से अगर इधर दिखाई दिए तो बहुत ही बुरा अंजाम होगा.बताते चले की डीएमओ किस्कु व अरशद नसर के बीच 5 माह पूर्व भी विवाद हुआ था.जिसको लेकर दोनों पक्ष ने जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन दिया था.जिसका अनुसंधान व जांच चल रहा है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम का दौरा कर लिया जायजा




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।** प्रखंड के सोनाजोड़ी में स्थित वृद्धाश्रम में आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह ने पहुंच कर वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों का हाल-चाल पूछते हुए उनके बात को सुना। इस क्रम में सभी वृद्धों के बीच फल बांटा गया। साफ़ सफाई, पानी, बिजली समेत रह रहे वृद्ध के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान मेडिकल कैंप लगवा गया जिसमें सभी वृद्ध जनों का बीपी शुगर समेत अन्य स्वास्थ्य की जांच उपस्थित डॉ से कराई गई। स्वास्थ्य जांच में वृद्ध जनों के बीच दवा का वितरण किया गया। जांच के दौरान वृद्ध आश्रम में खिड़की के शीशे टूटा मिला। इस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह ने मरम्मती को लेकर सचिव अजय कुमार गुड़िया को दुरुस्त करवाने के लिए अग्रसर करवाई का आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। साथ ही वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों को किसी प्रकार के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी ना हो इसके लिए अटल क्लिनिक खुलवाने का बात कही गई । मेडिकल के टीम को भी सप्ताह में एक बार स्वास्थ जांच को लेकर कैंप लगाने की निर्देश दी गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया, वृद्ध आश्रम के संचालक विनोद प्रमाणिक, कर्मी मो मंगरू अंसारी, डीएलएसए के कर्मी , पैरा लीगल वॉलिंटियर्स उत्पल मंडल, नीरज कुमार राउत समेत वृद्ध जन उपस्थित रहे।

## मजदूर संघ के केंद्रीय अधिवेशन में सैकड़ो कार्यकर्ता लेंगे भागः मिथुन यादव



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**-शहर के जनरल इंस्टिट्यूट मैदान के पीछे मां तारा मंदिर में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के केन्द्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।बैठक में केन्द्रीय अधिवेशन की सफलता को लेकर विशेष चर्चा की गई।बैठक में 21 दिसंबर को बाकुड़ी में होने वाले केंद्रीय अधिवेशन में साहिबगंज सदर एवं ग्रामीण से सैकड़ों की संख्या में लोग भाग लेंगे।इस बैठक में मुख्यरूप से केन्द्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,जिला अध्यक्ष, मिथुन कुमार यादव,रणधीर प्रसाद चौरसिया,रोहित कुमार गुप्ता,फुलकुमारी,रविन्द्र प्रसाद साह,मनोज खुदानियां,सुनिल गुप्ता,सुनिल यादव,विनय कापरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेड़ से लटका मिला शव

**साहिबगंज।** मंगलवार की अहले सुबह जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मदनशाही छोटा पगड़ों गांव के पास रेलवे लाइन किनारे पॉल संख्या 22622 के समीप सोजीना के पेड़ से लटका एक अज्ञात युवक का शव मिला है। गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि अपना मवेशी चराने के लिए निकाला था कि देखा की एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है जिसकी सूचना अपने गांव के मुखिया एवं पुलिस को दी। देखते ही देखते ग्रामीण की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते ही घटना स्तर पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार की अहले सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि मतों रियाजुल व अनवर अली के घर के पीछे रेलवे ट्रैक के पास सोजीना के पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज दुबे,एएसआई अरसद अली दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। युवक के पॉकेट से 10 रुपए का दो नेपाली नोट एवं बीड़ी का पैकेट का पानी बरामद किया है। घटनास्थल पर देखा गया कि शव को कमीज से फंदा बनाकर लटकाया गया है। उसके पास ही उसका जूता एवं टोपी मिला है।पुलिस के अनुसार शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने युवक की हत्या कर लटका दिया होगा। युवक को एक कमीज से लटकाया गया था।पुलिस को आशंका है कि मृतक देखने में नेपाली है।

## परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बरहरवा ।** जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा पाकुड़ मुख्य मार्ग के दुलमपुर मोड़ में संध्या पांच बजे सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान हेलमेट , ड्रॉवरी लाइसेंस एवं वाहन संबंधित कागजात की जांच कि .इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जांच अभियान के दौरान कई मालवाहक वाहन, चार पहिया व दो पहिया वाहन चालकों से कागजात की मांग की गई. कागजात में त्रुटि पाये जाने पर उनसे राजस्व की वसूली की गयी है. इस दौरान करीब दो दर्जन वाहन चालकों से कागजात पूरे नहीं पाये जाने पर चलान काट कर राजस्व की वसूली की गयी है।

# नगर आयुक्त ने दिया प्रधानमंत्री आवास योजना के शेष बचे आवासों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मंगलवार को नगर आयुक्त रोहित सिन्हा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक 04 अंतर्गत बन रहे आवासों के प्रगति के लिए बैठक की गई। जिसमें शेष बचे आवासों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश सभी वार्ड सर्वेयर को दिया गया। साथ ही सभी सर्वेयर को प्रति सप्ताह कम से कम 35 जिओ टैग करने को कहा गया है एवं वर्क प्लान बनाते हुए शेष बचे आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक में कहा कि प्रत्येक सप्ताह सभी सर्वेयर का समीक्षा की जाएगी साथ ही प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। निगम में कुल 15594 आवास स्वीकृत है। जिसमें 11331 आवास पूर्ण हो चुके हैं शेष आवास विभिन स्टेज पर बचे है। बैठक में नगर प्रबंधक,तकनीकी विशेषज्ञ,जेई,वार्ड सर्वेयर आदि उपस्थित रहे।



## इंडियन डेंटल एसोसिएशन देवघर शाखा का गठन

# डॉ एनपी दास संरक्षक, डा राजीव कुमार अध्यक्ष व डॉ राजीव रंजन बने सचिव

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**देवघर ।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की हुई बैठक में एसोसिएशन के देवघर शाखा का गठन किया गया। साथ ही चयनित पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। आईडीए देवघर कमेटी का गठन होते ही उपस्थित चिकित्सकों ने एक दुसरे को बधाई देते हुए चट्टानी एकता को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ एनपी दास को संरक्षक, डॉ राजीव कुमार को अध्यक्ष, डॉ राजीव रंजन को सचिव, उपाध्यक्ष डॉ आरनव, संयुक्त सचिव डा अमरेश, कोषाध्यक्ष डा अंजू बैंकर, सहायक सचिव डा पूजा राय, कन्वेनर डॉ राज वर्मा, डॉ सत्यम, जनरल संपादक डा कुमार हर्ष ने पदभार ग्रहण किया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डा अविनाश कुमार, डॉ प्रवीर कुमार को मनोनीत किया गया। मौके पर संताल परगना प्रमंडल के छह जिलों में अब तक देवघर सहित एक जिला है, जहां आईडीए का गठन हुआ है। बीते सितंबर माह में संगठन के नाम की सहमति बनी थी और सभी पदधारी निर्विरोध चुन लिए गए थे। जिसका आज समारोह आयोजित कर विधिवत पदभार ग्रहण किया गया। आइडीए देवघर का यह नया शाखा पहली बार बना है। दंत चिकित्सक डॉ राजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन ने कहा कि हमारी पूरी टीम है, हम लोग मिलकर आईडीए के विस्तार के लिए कार्य करेंगे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शुभारंभ मातृ मंदिर प्लस टू उच्च विद्यालय देवघर में सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं को एल्बेंडाजोल का टेबलेट खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।सिविल सर्जन के द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के दौरान सभी एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल का टेबलेट चबाकर खाना है। जिससे कृमि संक्रमण से बच्चों को बचाया जा सके। कृमि के कारण खून की कमी और कुपोषण होता है। जिसके कारण हमेशा थकावट बनी रहती है और संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आ सकती है। यह दवा सभी बच्चों और किशोर किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई उनके स्कूलों और आंगनबाड़ी केदो में निशुल्क खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ एम के गुप्ता, डीपीएम समरेश सिंह, डीपीसी प्रवीण सिंह, महामारी विशेषज्ञ डॉ मनीष शेकर, वीसीसीएम मनीष कुमार, एविडेंस सेक्शन के राजेश मिश्रा, शहाबुद्दीन अंसारी, विद्यालय की प्रधानचार्य विशु किरण एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका आदि उपस्थित थे।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया गया



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को उत्कर्मित मध्य विद्यालय,लालपुर,देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा,श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया । कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को तंबाकू दुष्परिणाम के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से समझाया गया,साथ ही साथ बच्चों के बीच तम्बाकू निषेद पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे मुस्कान कुमारी,संस्कार सिंह,लकी कुमार अन्य पांच को एन0सी0डी0 कोषांग, देवघर द्वारा पुरष्कृत किया गया। तंबाकू नहीं खाने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई ।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला प्रशिक्षण



**मधुपुर ।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन भी सारठ, करों एवं मार्गोमुंडा प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं को नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन महिला सुपरवाइजर नवेदिता नटराजन ने किया। उन्होंने सेविकाओं को कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए कहा, बच्चों का पोषण और पढ़ाई एक-दूसरे के पूरक हैं! अगर हम बच्चों को सही पोषण देंगे, तभी उनका शारीरिक और मानसिक विकास संभव है।प्रशिक्षण में सेविकाओं को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 0-6 वर्ष के बच्चों के विकास के तरीकों पर विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों के समग्र विकास के लिए नवीन तरीकों से परिचित कराना और उन्हें पोषण भी, पढ़ाई भी के मूल सिद्धांत को ज़मीनी स्तर पर लागू करने के लिए तैयार करना है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की शुरुआत



**मधुपुर ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानीय मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन,प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी और अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद मौके पर मौजूद बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। मंत्री प्रतिनिधि शब्बीर हसन ने कहा, ÷यह अभियान बच्चों,किशोर और किशोरियों को कृमि से मुक्त करने के लिए बेहद जरूरी है।दवा सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि गैर-पंजीकृत और स्कूल से वंचित बच्चों को भी नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में यह दवा खिलाई जाएगी। प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी ने बच्चों के स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा, ÷यह दवा बच्चों को एनीमिया और अन्य बीमारियों से बचाती है। ध्यान रखें, खाली पेट कभी यह दवा न दें। भोजन के बाद ही बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाएं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने अभियान में देरी की जानकारी देते हुए कहा, ÷यह अभियान सितंबर में ही शुरू होना था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे 17 दिसंबर को लागू किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मियों और शिक्षकों ने मिलकर अभियान को सफल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान ने एक बार फिर बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

# पुस्तक मेले के लिये राज्यपाल को किया गया आमंत्रित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** 22 वें पुस्तक मेला जो कि 11 से 21 जनवरी 2025 तक स्थानीय बीएड कॉलेज में आयोजित होगा उस आयोजन में आमंत्रित के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से पुस्तक मेला के सचिव पुस्तक मेला आयोजन समिति के प्रतिनिधि के रूप में निर्मल कुमार मिले।सचिव निर्मल कुमार द्वारा पुष्प गुच्छ देकर पुस्तक मेला में आमंत्रण के लिए आग्रह किया।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपनी सहमति देते हुए आने का हर संभव प्रयास करूंगा।उन्होंने पुस्तक मेला आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से शिक्षा पुस्तकों से प्रेम साहित्यिक रचनात्मक कार्यों में प्रोत्साहन मिलता है।ये जानकारी पुस्तक मेला आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी नवीन शर्मा ने दिया।



# ट्रक के धक्के से बुलेट सवार एक की मौत

**संवाददाता**

**देवघर।** रिखिया थाना इलाके के बैजनाथपुर- कुंडा बाइपास सड़क पर स्थित राइस मिल के पास मंगलवार को एक ट्रक के धक्के से बुलेट सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई,जबकी दूसरा घायल हो गया। मृतक का नाम 46 वर्षीय रामानन्द मिश्रा है जो कुंडा थाना क्षेत्र के करनीबाग आजाद नगर का रहने वाला है। वहीं घायल का नाम विनोद राउत है जो कुंडा मोड़ का रहने वाला है। उसे इलाज के लिये कुंडा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी वाहन को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। रिखिया पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। ट्रक में नया बुलेट



लोड था जिसे किसी शोरूम में ले जाया जा रहा था। पुलिस को दिये बयान में मृतक के पुत्र प्रणव मिश्रा ने कहा है कि मंगलवार की सुबह 09 बजे के आसपास उसके पिता अपने बुलेट बाइक से किसी काम से बैजनाथपुर गये थे। ग्यारह बजे के आसपास वापस लौट रहे थे। उसी क्रम में बैजनाथपुर बाइपास सड़क के पास ट्रक संख्या जेएच 09 ए2 2950 के चालक तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बुलेट में जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सभी लोग घटनास्थल पहुंचे और रामानन्द मिश्रा को इलाज के लिये पहले कुंडा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले गये। वहां के डॉक्टर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने के उपरांत ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उपरांत सदर अस्पताल स्थित बैद्यनाथ ओपी पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमर्टम के बाद शव को परिजनों को शौंप दिया।

# कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाएगा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर/जसीडीह।** महाकुंभ मेला 12 साल में एक बार होने वाला खगोलीय आयोजन है, जो दुनिया भर के लाखों श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। इस पृथ्वी पर सबसे बड़े मानव समागम के रूप में पहचाने जाने वाले महाकुंभ को आस्था, भक्ति और परंपरा का उत्सव माना जाता है। इस भव्य आध्यात्मिक समागम में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की 06 जोड़ी ट्रेनें चलाने में हर्ष हो रहा है, जो हावड़ा और टूंडला, हावड़ा और भिंड के बीच चलेगी।



## 29-30 दिसम्बर को होगा डॉ जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज में अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र,देवघर एवं सोना देवी विश्वविद्यालय, तथा पूर्वी सिंहभूम (घाटशिला) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अंतर्विषयक संगोष्ठी का आयोजन संबंधी जानकारी को लेकर आज मंगलवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के सहायक निदेशक डॉ सरोज कुमार मिश्र ने कहा कि सोना देवी विश्वविद्यालय,घाटशिला,पूर्वी सिंहभूम द्वारा डॉ. जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज, जसडीह (झारखण्ड), इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, देवघर, शुभा देवी मेमोरियल ट्रस्ट, देवघर तथा अनुचिन्तन फाउंडेशन खगड़िया, बिहार के अकादमिक सहयोग तथा उनके संयुक्त तत्वावधान में एक द्वि-दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय अंतर्विषयक संगोष्ठी का आयोजन 29-30 दिसम्बर 2024 को डॉ जगन्नाथ मिश्रा महाविद्यालय, जसीडीह,देवघर (झारखण्ड) में किया जा रहा है जिसका थीम भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयाम- सिद्धान्त एवं प्रवृतियाँ हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश तथा विदेश के अनेक ख्यातिलब्ध विद्वान तथा विषय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

## आजसू ने पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**देवघर।** मंगलवार को आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष,झारखंड आंदोलनकारी,युवाओं के प्रेरणा सूत्र लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर देवघर प्रखंड के गिद्धनी चौक में एवं देवघर नगर निगम अंतर्गत रोहिणी चौक पर उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा कहा गया कि झारखंड आंदोलन में एक नई धार देने वाले और झारखंड विधानसभा में झारखंड की हितों की बात पूरे सजकता से रखने वाले स्वर्गीय कमल किशोर भगत का देहांत 17 दिसंबर, 2021 को हो गया था।


कार्यालय
उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, दुमका
जिला नजारत शाखा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

गणतंत्र दिवस समारोह 2025 (26 जनवरी 2025) के अवसर पर पुलिस लाईन में मंच, टेंट पंडाल कारपेट सोफा लाईट जेनरेटर, साउण्ड सिस्टम आदि से संबंधित क्रमांक 01 से 22 तक में उल्लेखित निम्नांकित एक दिवसीय कार्य हेतु एक मुश्त दर (सभी कर एवं किराया सहित) निर्धारण के लिए द्विलिफाफा प्रणाली के आधार पर जिला नजारत शाखा दुमका में **दिनांक 27.12.2024 के अप0 1.00 बजे तक** मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन **दिनांक 27.12.2024 को अप0 3.00 बजे** जिला निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते वेवसाईट www.dumka.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उपायुक्त, दुमका।

PR 342193 (District) 24-25 (D)



**कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका**
**समाहरणालय, ए ब्लॉक, प्रथम तल, दुमका–814101**
ई–मेल :– deodumka@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा**

दुमका जिला अंतर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के तर्ज पर संचालित संथाल आवासीय विद्यालय, मसलिया, दुमका में सत्र 2023–24 में अध्ययनरत छात्रों के लिए लैपटॉप, प्रोजेक्टर, विद्यालय यूनिफार्म, ब्लेजर, ट्रेक सूट, टी–शर्ट, स्पोटर्स शू (सफेद) एवं बुक सेल्फ की आपूर्ति हेतु दिनांक 28.12.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में निर्धारत तिथि एवं समय तक कार्य दिवस में प्राप्त किया जायेगा। निविदा दिनांक 30.12.2024 के अपराहन 02:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा में आपूर्ति की जानेवाली सामग्री निविदा की शर्ते जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका के सूचना पटट् पर तथा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.dumka.nic.in पर देखा जा सकता है।

(भूतनाथ रजवार)
जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका

PR 342212 Human Resource Developement(24-25)#D



श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल करियर सेन्टर दुमका

**भर्त्ती कैम्प सूचना**

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत दिनांक :–20 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार) को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका द्वारा भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

सभी आवेदक को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 20 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार ) को प्रातः 10:00 से 3.00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका कार्यालय परिसर, पता –सरकारी आई0 टी0 आई0 के निकट पाकुड़ रोड, दुमका में आयोजित भर्ती कैम्प में उपस्थित होकर निम्नवत रिक्तियों से संबंधित रोजगार के सुअवसर का लाभ उठायें :–

| Sl. No | Employer Name | Date | POST | No of Vacancy | Qualification | Gender | Age. | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Birsa Security and super service | 20-12-2024 | Security Guard | 220 | 8th Pass | Male | 18-40 | 10000-18000 | Jharkhand & W. Bengal |
| | | | Helper | 70 | 8th Pass | Male | 18-40 | 12000-15000 | |
| | | | Gun Man | 2 | 10th Pass | Male | 18-45 | 18000-21000 | |
| 2 | SBI Life Insurance Dumka | | Life Mitra | 30 | 10th Or Above | M/F | 18-45 | Commision Based | Dumka |

नोट :– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि नियोजनालय, दुमका में आवेदक नियोजनालय के वेव पोर्टल & www.jharniyojan.jharkhand.gov.in के होम पेज के **New Jobseeker** में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते हैं। चुँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से सम्बंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका

PR 342201 (Labour Employment and Traning)24-25*D



समाहरणालय,पाकुड़
(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, एवं खेलकूद शाखा)
E-mail ID- sportsdsopakur@gmail.com

"Free Residential 5 & Day Training Program for 1. Tour Operators 2. Tourist Transport Operators 3. Travel Agents"

–: निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन :–

पर्यटन निदेशालय, झारखंड सरकार, पर्यटन उद्योग में पेशेवरों के कौशल और विशेषज्ञता को बढ़ाने के उद्देश्य से 05 दिवसीय विशेश निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह कार्यक्रम टूर ऑपरेटरों (Tour Operator), पर्यटक परिवहन ऑपरेटरों (Tourist Transport Operator) और ट्रैवल एजेंटों (Travel Agent) पर केंद्रित है, जो पर्यटन सेवा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है और झारखण्ड में पर्यटन क्षेत्र के विकास में योगदान देता है। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची, ब्राम्बे रांधी के सहयोग से प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु दिनांक 15.09.2024 को न्यूनतम 181 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष के मध्य हो, के प्रशिक्षण हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची, ब्राम्बे, राधी "Free Residential 5& Day Training Program for 1. Tour Operators 2. Tourist Transport Operators 3. Travel Agents" कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, प्रशिक्षण हेतु आवेदन निःशुल्क है।

| Sl No. | Month | Name Of Residential Course |
|---|---|---|
| 01 | January | 5-Day Specialized Training Program-Tour Operator |
| 02 | | 5-Day Specialized Training Program-Tourist Transport Operator |
| 03 | | 5-Dayspecialized Training Program-Travelagent |

- इच्छुक अभ्यर्थी केवल 01 (एक) आवेदन विहित प्रपत्र में योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण का चयन कर आवश्यक कागजात संलग्न करते हुए पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड, राँची को उपलब्ध करायेंगे।
- यह पूर्ण,त निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण है, अभ्यार्थी के रहने एवं भोजन क सुविधा प्रदान की जाएगी उक्त प्रशिक्षण के समाप्ति पर सफल उम्मीदवारों को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आइएचएम) राँची, ब्राम्बे, राँची संस्थान द्वारा Certificate प्रदान किया जाएगा।
- दूर ऑपरेटरों के लिए शैक्षणिक योग्यता अंग्रेजी भाषा की बुनियादी समझ के साथ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से न्यूनतम 12 वी० कक्षा उत्तीर्ण।
- पर्यटक परिवहन ऑपरेटरों के लिए, शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से अंग्रेजी या हिंदी के बुनियादी ज्ञान के साथ न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण।
- ट्रैवल एजेंटों के लिए शैक्षणिक योग्यता अंग्रेजी भाषा की बुनियादी समझ के साथ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण।
- प्रमाणीकरण और मूल्यांकन सीखने का परिणाम सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम के अंत में एक लिखित मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
- प्रशिक्षण के लिए योग्य उम्मीदवारों को विहित प्रपत्र में आवेदन देना होगा। प्रत्येक बैच के लिए अधिकतम 30 सीटें उपलब्ध है। प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों का चयन सुबह 8 बजे से 9:30 बजे के बीब रिपोर्टिंग संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची बाम्बे रांची पर पर ''पहले आये पहले पाये'' (First Come First Serve) आधार पर किया जाएगा।
- साधारण हाक/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/अथवा व्यक्तिगत रूप से हाथो हाथ आवेदन समर्पित करने अथवा Google form के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन जमा करने (जिसका लिंक विभागीय वेबसाईट (https://tourism-jharkhand-gov-in) से प्राप्त कर सकते हैं) की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर 2024 है।
- अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र (Application Form) एवं अन्य सम्बंधित जानकारियां विभागीय वेबसाईट (https://tourism-jharkhand-gov-in) से डाउनलोड कर सकते हैं।
- अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण तिथि की सूचना जमा आवेदन में लिखे संपर्क नंबर पर दी जाएगी।
- अभ्यर्थी के चयन में हिन्दी एवं अंजी भाषा में लिखने एवं पढ़ने की योग्यता को प्राथमिकता दी जायेगी।

ह0/–
जिला कीड़ा –सह– पर्यटन (नोडल) पदाधिकारी, पाकुड़।

PR 342223 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(24-25)D

## मारवाड़ी युवा मंच ने श्रम एवं उद्योग मंत्री का किया भव्य स्वागत



**गोड्डा ।** स्थानीय अग्रसेन भवन के सभागार में मंगलवार को गोड्डा विधायक सह श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव का मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने सम्मानित किया। मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष कृष्ण परशुरामका एवं मंच के वर्तमान अध्यक्ष प्रीतम गाडिया ने शाल देकर उनका स्वागत किया। वहीं मंच के संस्थापक कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश टेकरीवाल ने गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया। मंच के पूर्व अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल सचिव पियूष प्रियदर्शी और सभी सदस्यों ने मिलकर मंत्री को मंच का स्मृति चिन्ह देकर अभार व्यक्त किया। संस्थापक अध्यक्ष ने मंत्री संजय यादव के द्वारा पूर्व में एम्बुलेंस देने और उनके द्वारा मंच को हर संभव सहयोग देने की स्मृतियों से सभी को अवगत कराया। वहीं मंत्री संजय यादव ने मंच को धन्यवाद देते हुए बताया कि मारवाड़ी समाज उनके हृदय में वास करता, कहा कि मैं जब गोड्डा की धरती पर आया था उस समय गोड्डा का जो माहौल था उस समय भी मैंने मारवाड़ी समाज के प्रत्येक कार्यों में सहभागिता दिया है और इस कार्यकाल में भी मैं आपका बेटा- भाई बनकर आपके प्रत्येक कार्यों में साथ साथ रहूँगा। आप सभी का सहयोग हमेशा मिला है मैं आप सभी को निराश नहीं करूंगा। आप भयमुक्त होकर व्यापार करें, आपका बेटा- आपका भाई संजय यादव आपके साथ है। मंत्री के स्वागत समारोह में कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल, महेश बजाज, शुभकरण भगत, ललित बजाज,अनिल अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, राकेश बजाज, मुकेश बजाज, रितेश टेकरीवाल, राकेश अग्रवाल, सज्जन शिवानीवाला, सुमित टेकरीवाल, सचिन बजाज, अविनाश गाडिया, पियूष गाडिया, संदीप बजाज, विकास जैन, आशिष झुनझुनवाला, वेंकटेश पोद्दार, मोहित भार्गव, अभिषेक बजाज, संजय बजाज, विनीत टेकरीवाल, दीपक शर्मा, सुरेश बजाज, मनिष बजाज आदि सदस्य मौजूद थे। अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापन शाखा अध्यक्ष प्रीतम गाडिया ने किया।

## पंचायत सचिव संघ के कुंडहित प्रखंड अध्यक्ष बने प्रफुल्ल माजि

**कुंडहित (जामताड़ा)** मंगलवार को कुंडहित प्रखंड में पंचायत सचिव संघ की एक बैठक जिला स्तरीय पर्यवेक्षक रबीन्द्र सिंह के अध्यक्षता में क्या गया । बैठक के दौरान कुंडहित प्रखंड का पंचायत सचिव संघ का कमेटी गठन किया गया । सर्व समिति से पंचायत सचिव संघ की अध्यक्ष पद के लिए प्रफुल्ल माजि, उपाध्यक्ष मुंशी मुर्मू ,सचिव सुब्रतो मंडल, संयुक्त सचिव परमेश्वर मुर्मू कोषाध्यक्ष शौमिक मंडल को चयन किया गया। वही सदस्य पद के लिए जगदीश मंडल, तारापद मंडल, हपना हेम्बरम, मुनू मुर्मू , विमल कुमार साधु का चयन किया गया। इस दौरान रविंद्र सिंह ने बताया सभी पंचायत सचिव को पंचायत राज अधिनियम के तहत अपना कार्य को निर्वाह करना तथा ईमानदारी पूर्वक कार्य को निभाना है। मौके पर जिला स्तरीय पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार मंडल, मुकेश पांडेय सहित अनेको उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण सम्पन्न, प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाणपत्र

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** कुंडहित प्रखंड के बागडेहरी में जिला उद्यान कार्यालय जामताड़ा के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन जिला कृषि पदाधिकारी सह जिला उद्यान पदाधिकारी लव कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा किसानों को उद्यानिक फसलों की जानकारी, इसके देखभाल व रोगों के उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्नत तकनीक से सब्जी की खेती के बारे सभी को जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थी को खेती शुरू करने के पहले बिजमृत,जीवामृत, मिट्टी की जांच श, खेतों में फसलों के बीच मलचिंग एवं ड्रिप से खेती करने के तरीके एवं इसके उपयोग से किसानों के फायदे के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया रवि खेती में देखा जाता है कम पानी में अच्छा उत्पादन एवं उनसे लाभ के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया सब्जी खेती कम पानी में अच्छा आमदनी हो जाती है। वही प्रशिक्षण के उपरांत उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं बीज देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी लब कुमार, जिला तकनीकी प्रबंधक सुजित कुमार, प्रभारी कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा, बीटीएम अमिर हेम्बरम, उद्यानी मित्र श्यामल फौजदार सहित अनेकों उपस्थित थे।

## मंईया सम्मान योजना एंव सर्वजन पेंशन योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ जमाले रजा ने पेंशन योजनाओं को लेकर अधिकारी के साथ की बैठक । बैठक में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, और अबुआ आवास योजना की समीक्षा की गई।बैठक में विभाग द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में माह दिसंबर सभी योग्य लाभुकों को मईया सम्मान योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, इस माह के अंत तक सभी लाभुकों का आधार से लिंक एकल बैंक खाता होना अनिवार्य होगा, ताकि भुगतान में सुगमता हो।वही वित्तीय वर्ष 2023-24 एंव 24-25 में दिए गए सभी अबुआ आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मो रजा ने कहा कि मईया सम्मान योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकार का लक्ष्य है कि महिलाओ को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिससे वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को पेंशन प्रदान की जाएगी।अबुआ आवास योजना के बारे में बात करते हुए, बीडीओ ने कहा कि इस योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को आवास प्रदान किया जाएगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023 -24 एंव 24-25 में लाभुको को प्राप्त अबूआ आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रधान सहायक अबरार अहमद , प्रफुल्ल माजि, प्रधानमंत्री आवास के प्रखंड समन्वयक आशुतोष हांसदा, देवराज तिवारी, सहित सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## भगैया सप्ताहिक हाट से मोटरसाइकल ले उड़ा चोर

**मेहरमा ।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं सिलसिलेवार हो रही है। एक मामले के आरोपी पकड़ में नहीं आ रहे हैं कि दूसरी जगह से बाइक चोरी हो जा रही है। बताते चलें कि मेहरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर पंचायत स्थित भगैया सप्ताहिक हाट से मंगलवार शाम टीभीएस कंपनी का अपाची मोटरसाइकिल निबंधन संख्या जेएच 17 डब्लू 9641 को अज्ञात चोरों ने लेकर फरार हो गया। पीड़ित के द्वारा घटना की सूचना मेहरमा थाना प्रभारी को मोबाईल फोन पर देने की बात कही गई। इधर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग अपनी वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित होने लगे हैं। वही मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव निवासी मोटरसाइकिल मालिक संजय कुमार साह ने बताया कि आस-पास काफी तलाश किया लेकिन मोटरसाइकल का कोई पता नहीं चला।

# रामेश्वरम राइस मिल में जिला प्रशासन की औचक छापेमारी, मिल को किया सील, जांच के बाद कार्रवाई

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**जामताड़ा ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय के निदेशानुसार मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज शेखर के नेतृत्व में 03 सदस्यीय टीम के द्वारा पुलिस बल के साथ जिले के बेना स्थित रामेश्वरम राइस मिल में औचक छापेमारी किया गया। जिसमें जिला सहकारिता पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अबिश्वर मुर्मू मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा छापेमारी के क्रम में एफसीआई का चावल और बांग्लादेशी पैकेट बरामद किया गया है। छापेमारी में मिल के अंदर %रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश% लिखे बोरे में चावल पैक किया जा रहा था। जिस पर प्रशासन द्वारा सख्ती बरतते हुए उक्त राइस मिल को सील कर दिया है, वहीं राइस मिल से करीब 32 क्विंटल जन वितरण प्रणाली (क्ष्ठस्) के चावल (प्रथम दृष्टया) समेत अन्य सामग्री एवं चावल लदे 01 ट्रक को जब्त कर लिया गया है। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर ने बताया कि यह राइस मिल संगठित सिंडिकेट की तरह काम कर रहा था। चावल की तस्करी इतने गुप्त तरीके से की जा रही थी कि आसपास के लोगों को भी इसकी भनक नहीं लगी। जांच में यह सामने आया है कि यहां एफसीआई का चावल अवैध रूप से बांग्लादेश भेजा जा रहा था। इतना ही नहीं, जन वितरण प्रणाली **(PDS)** के चावल को भी अन्य बोरों में पैक कर बाजार में खपाया जा रहा था।

बताया गया कि जिला प्रशासन को उक्त के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त मिल में जन वितरण प्रणाली के चावल का दुरुपयोग हो रहा है। साथ ही छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में बांग्लादेशी पैकेट में चावल बरामद होने पर जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं इस संबंध में उपायुक्त कुमुद सहाय ने बताया कि विभिन्न स्त्रोतों से सूचना प्राप्त हुई कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के मिलीभगत से सरकारी चावल की कालाबाजारी की जा रही है। जिसके लिए उन्होंने जिले में पीडीएस दुकानों एवं राइस मिलों का औचक निरीक्षण/छापामारी करते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश गया था। आज उसी क्रम में छापेमारी के दौरान मिल में व्याप्त अनियमितता की जानकारी मिली है, जिसे लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस संबंध में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि इस मामले को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। कहा कि इस मामले की गहन जांच जारी है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पथरगामा में श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव का हुआ जोरदार स्वागत



पथरगामा प्रतिनिधि ~ गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव मंत्री बनने पर पहली बार पथरगामा पहुंचे। जहां लोगों ने पथरगामा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव को फुल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि जनता ने हमें वोट के माध्यम से भरपूर प्यार दिया है इसके लिए यहां की जनता मालिक को प्रणाम करता हूं। इस प्यार का इनाम जनता के काम करके चुकाऊंगा। हमने इस क्षेत्र को 24 वर्ष से जनता हूं पहचानता हूं। किसी भी तरह का किसी को भी दिक्कत हो इसके मदद के लिए हमेशा तैयार रहूँगा। कहा कि जो काम पांच साल में करने है उसे मैं दो साल में करूँगा। जनता जनार्दन के कामों में लापरवाही ना हो वादे के अनुसार पथरगामा में 30 एकड़ में एक पार्क बनाने की बात कही। इसके लिए पथरगामा सीओ को जमीन उपलब्ध कराने को कहा। संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मईया सम्मान योजना में जो भी माई बहन छूट गई है उसका सम्मान राशि दिलाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। दो महीने में क्षेत्र में क्या विकास हुआ है और क्या विकास करना है उसका घूम कर सर्वे किया जाएगा। जरूरतमंद लोगों को विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाऊंगा। मौके पर प्रखंड कार्यालय में विधायक चेम्बर का उद्घाटन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने द्वारा किया गया। मौके पर पथरगामा जिला परिषद पूर्वी अमित कुमार भगत, जिला परिषद सदस्य पथरगामा पश्चिमी सदस्य पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख अवधेश साह, प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पथरगामा श्रीमान मरांडी, अंचल अधिकारी कोकिला कुमारी, झामुमो जिला अध्यक्ष वासुदेव सोरेन, राजद जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी यादव सहित गठबंधन के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को किया गया जागरूक




**जामताड़ा ।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से नगर स्थित सेंट एंथोनी स्कूल के तत्वाधान में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर बच्चों को नशा मुक्त समाज बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। मौके पर दर्जनों अभिभावकों व अन्य लोगों ने भी नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा को दोहराया। इस उपलक्ष पर मादक अथवा नशा युक्त पदार्थों के सेवन से होने वाले क्षति के प्रति जागरूक करने हेतु बच्चों के बीच नशा मुक्ति जागरुकता पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो विद्यार्थियों होने पर चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में आयशा रानी प्रथम, मौसमी दत्ता द्वितीय तथा श्रेयसी पाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के लिए चयनित एवं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु नेहरू युवा केंद्र तथा विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय परिसर में पौधारोपण का कार्य किया गया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र से उदय कुमार सिंह ने बताया की नशा करने से व्यक्ति का धन और मान की हानि तो होता ही है, साथ ही उसका और परिवार के अन्य सदस्यों को स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज बनाने में युवा पीढ़ी से सहयोग की अपील की। विद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ दुर्गादास भंडारी ने छात्र छात्राओं से अपील किया कि नशीली चीजों से दूर रहते हुए अपने घर से ही नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत करे। अपने अभिभावकों तथा आस-पास के समाज के लोगों को नशा से दूर रहने की सलाह दें। वहीं विद्यालय के निदेशक डॉ चंचल भंडारी ने छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी देते मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की सलाह दी। कहा की नशे के सेवन से व्यक्ति के शरीर और उसके सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी गण, समाजसेवी अशोक कुमार मंडल तथा विद्यालय के प्राचार्य अरूप कुमार यादव, उप प्राचार्य लारेब खान, शिक्षक सुजीत शाहा, उत्पल मंडल दिशारी मुखर्जी, रीया माझी वरुण कुमार, तन्मय कश्यप तृषा दे निवास कुमार, संजय कुमार महतो आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने शाहिद गणपत महतो का मल्लापन किया




**कर्माटांड़ ।** प्रखंड क्षेत्र के मेंन बाजार स्थित शहीद गणपत महतो का आज मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने माल्यार्पण किया वही मालयप्पन करने के साथ-साथ बताया कि हमारे क्षेत्र में जितने भी स्वास्थ्य केंद्र है सभी में बहुत जल्द सभी चीज का व्यवस्था किया जाएगा और जो भी डॉक्टर नर्स है सभी लोग समय पर हॉस्पिटल आए, हमारे पास कोई भी प्रकार का शिकायत नहीं जाना चाहिए और बताते हुए कहा कि हमें स्वास्थ्य विभाग का जिम्मेवारी मिला है इस बार कुछ विशेष सुधार किया जाएगा स्वास्थ्य को लेकर,

## शारीरिक दक्षता जांच में सम्मिलित नहीं हो पाए अभ्यर्थियों की जांच शिविर राजेंद्र स्टेडियम में 19 को

गोड्डा ~ गोड्डा ग्रामीण चौकीदार के रिक्त कुल 276 पद पर सीधी भर्ती हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या- 01/2024 के आलोक में चौकीदार पद हेतु अभ्यार्थियों का शारीरिक दक्षता जांच किया गया। वैसे अभ्यर्थी जिनकी शारीरिक दक्षता जांच 16 एवं 17 दिसंबर को थी, वे शारीरिक दक्षता जांच में किसी कारण से सम्मिलित नहीं हो पाए हैं। उन्हें पुनः 19 दिसंबर को राजेंद्र स्टेडियम ऊर्जा नगर महागामा में पूर्वाह्न 07 बजे से शारीरिक दक्षता में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। निर्धारित तिथि समाप्ति के बाद अभ्यार्थियों को कोई मौका नहीं दिया जाएगा।

## नई रेल लाइन सर्वे का ग्रामीणों ने किया विरोध




गोड्डा ~ जिले के मेहरमा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा के कई गांवों के ग्रामीणों ने नई रेल लाइन सर्वे को लेकर विरोध जुलूस निकाला। यह विरोध जुलूस सिद्ध-कान्हू चौक से निकलकर प्रखंड कार्यालय मेहरमा पहुंची। जहां ग्रामीणों के द्वारा अनिश्चितकालीन तीन दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। वहीं झारखंड राज्य किसान महासभा के अशोक साह ने कहा कि रेल मंत्रालय का कार्य उजाड़ना नहीं, बल्कि बसाना। नई रेल लाइन सर्वे को लेकर गरीब ग्रामीणों का घर जाने से वह गांव से बेघर हो जायेंगे। जहां शंकरपुर के स्थानीय निवासी प्रभाष कुमार सिन्हा ने कहा नई रेल लाइन सर्वे से हम सभी कई गांवों के ग्रामीणों को क्षति हो रही है। कई गांवों के लोग बेघर हो जायेंगे, उनके पास रहने के लिए जमीन सिर्फ घर के जगह के लिए है। बाहरी क्षेत्र में उनके पास खेत और घर बनाने के लिए जमीन नहीं है। इसको लेकर हम सभी रेल मंत्रालय से पुराने सर्वे पर रेल लाइन बिछाने का मांग करते हैं, ताकि हम सभी गरीबों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मो0 राशिद राजा उर्फ डब्लू, सीपीआईएम जिला सचिव रघुबीर मंडल, मो0 मकसूद, शशि कुमार सिन्हा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## ज्ञानेंद्र मिश्र एवं डॉ. वंशीधर मिश्रा विद्यापति सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित

गोड्डा ~ विद्यापति सांस्कृतिक परिषद का त्रिवार्षिक आम चुनाव संपन्न हुआ। सभी पद पर निर्वाचन निर्विरोध एवं आम सहमति से हुआ। नवनिर्वाचित समिति में ज्ञानेंद्र मिश्र अध्यक्ष, डॉ. वंशीधर मिश्रा सचिव तथा निश्चल ठाकुर कोषाध्यक्ष बने। कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नरेंद्र मिश्रा, डॉ. बिमल कुमार पाठक, कुंदन कुमार झा, पिंटू कुमार झा, दिलीप कुमार झा एवं सुधीर ठाकुर चुने गए। इसके अलावा दीना नाथ झा एवं सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ का मनोनयन जहां संरक्षक पद पर हुआ वहीं प्रमोद कुमार पाठक एवं मृत्युंजय कुमार झा का चयन अंकेक्षक पद के लिए हुआ। निगरानी समिति में परमानंद चौधरी, माधव चंद्र चौधरी, सुनील कुमार झा, पवन कुमार झा एवं अरविंद कुमार झा शामिल किए गए। स्थानीय विद्यापति भवन परिसर में संपन्न चुनाव में परिषद के उपरोक्त निर्वाचित पदधारियों के अलावा अन्य सदस्यों में प्रो. श्यामाकांत झा, हरि शंकर मिश्र, डी. एन. झा, एन. के. झा, नर्मदेश्वर झा, कृपा शंकर झा, प्रमोद झा, धर्मेंद्र कुमार झा, सुबोध चंद्र झा, प्रभु झा आदि शामिल हुए।

## शीघ्र होगा जन समस्याओं का समाधान : दीपिका




**गोड्डा ।** ऊर्जा नगर के राजमहल हाउस में झारखंड मजदूर कल्याण संघ के बैनर तले सम्मान समारोह आयोजित कर सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक राजेश रंजन ने मंत्री को स्मारपत्र के साथ अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डा0 राधेश्याम चौधरी ने किया। मौके पर अर्जुन महतो, विनय सिंह, रामप्रीत शर्मा, कामदेव महतो, किशोरी मरांडी, संजय रविदास, कमलेश्वरी यादव, विभूति रंजन, सुदामा प्रसाद एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ग्रामीण सड़क, पेयजल और स्वास्थ्य पर जोर देकर लोगों से समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की अपील की। आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला कृषि पदाधिकारी ने किया उद्घाटन



**नाला( जामताड़ा)।** नला प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत एग्री स्मार्ट विलेज जगन्नाथपुर में मंगलवार को किसानों का दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी जामताड़ा लव कुमार के द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा फसल लगाने के पूर्व बीज को उपचारित करने तथा विभिन्न कीटनाशक दवावों का प्रयोग करने आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही खेतों में ड्रिप से खेती करने तथा इससे होने वाले फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक किसानों को बताया गया। इस अवसर पर सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा जामताड़ा सुजीत कुमार सिंह, बीटीएम नाला गंगाधर मंडल, सीआरपी वासुदेव गोराई, किसान सोमन गोराई, विमल मंडल, मागाराम गोराई, भोलानाथ गोराई सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## डीसी ने भू -अर्जन से संबंधित की समीक्षा बैठक



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। वहीं बैठक के दौरान रेलवे, एनटीपीसी एवं एनएच-133 की विस्तृत समीक्षा करते हुए शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने एनटीपीसी के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया, ताकि समयानुसार कार्यों को पूर्ण किया जा सके। वहीं बैठक के दौरान विभिन्न परियोजनाओं की वस्तुस्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समनव्य के साथ कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं में राशि उपलब्ध है उन रैयतों को मुआवजा राशि वितरित किए जाए। इसके अलावा एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एनएच 133 निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र कराएं, साथ ही वैसे व्यक्ति जो सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, वैसे व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर किए जाएं। इस मौके पर अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता टुडू, जिला भू अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, एनएच के अधिकारीगण सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## गोड्डा को बेस्ट रेसलिंग एसोसिएशन अवार्ड मिलने पर कुश्ती संघ ने जताई खुशी



**गोड्डा ।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ का रांची में संपन्न वार्षिक आम सभा एवं स्थापना के रजत जयंती समारोह के दौरान गोड्डा जिला कुश्ती संघ को बेस्ट रेसलिंग एसोसिएशन का अवार्ड दिया गया। रांची के होटल पार्क प्राइम में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कार के तहत गोड्डा जिला कुश्ती संघ के सचिव सुरजीत झा को हॉकी इंडिया के महासचिव एवं झारखंड कुश्ती के भीष्म पितामह भोला नाथ सिंह तथा झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार द्वारा ट्रॉफी, अंगवस्त्र एवं दस हजार की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष अखिल कुमार झा ने बताया कि यह दूसरा अवसर है जब गोड्डा जिला कुश्ती संघ को बेस्ट एसोसिएशन अवार्ड प्रदान किया गया। इसके पूर्व 2022 में यह सम्मान गोड्डा को मिला था। श्री झा ने बताया कि सम्मान प्राप्त कर गोड्डा लौटने पर संघ द्वारा सोमवार रात स्थानीय बस स्टैंड में सचिव सुरजीत झा का गर्म जोश स्वागत - अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों में मनोज कुमार पप्पु, आशुतोष झा, मुकेश चौधरी उर्फ बंटी चौधरी, ऋषितोष झा, दया शंकर, पंकज यादव, प्रीतम झा, मुकेश भारती, मनीष चौधरी, प्रदीप झा, नितेश झा उर्फ सोनू झा एवं निकेश झा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गणमान्य उपस्थित थे। सबों ने श्री झा का स्वागत फूल माला एवं बुके से किया तथा इसे जिला की बहुत बड़ी उपलब्धि बताया।

## ऐतिहासिक करमदाहा मेला और चिचुरबिल घाट का डाक 18 दिसंबर को

**जामताड़ा ।** जिले के प्रसिद्ध करमदाहा मेला और चिचुरबिल घाट का डाक 18 दिसंबर को जिला परिषद कार्यालय में किया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि डाक प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।उल्लेखनीय है कि करमदाहा मेला जिले का एक 15 दिवसीय ऐतिहासिक मेला है, जो हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। इस मेले का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। मेले के आयोजन के मद्देनजर डाक की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी कार्य योजना तैयार की है। मेले और डाक के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही, सुरक्षा के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर गश्त और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आपातकालीन दल भी तैनात रहेंगे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए पेयजल, शौचालय, पार्किंग और विश्राम स्थलों जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा, प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की तैनाती का भी प्रबंध किया है। उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने कहा कि सभी श्रद्धालु और पर्यटक प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और मेले के आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मेले की परंपरा और शांति बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# होमगार्डकोवाक् दोड़हा ते एहो़बो़क्आ नामांकन का़मी 7 जनवरी खो़न



**खोबोरिया**

**रांची।** होमगार्ड जवानकोवाक् दोड़हा ते नामांकन का़मीहो़रा 7 जनवरीखो़न एहो़बो़क्आ। जिला समादेष्टा कौशिक कुमार दो़ रांची जिलारेयाक् जो़तो़ मारे आर नावां महिला आर पुरुष होमगार्डकोवाक्दोड़हा नामांकन ला़गित् खो़बो़र उछ़नाकाना। जिला समादेष्टा कौशिककुमार दो़ बालेमाहां हिलोक् जो़तो़ दस्तावेजको सत्यापन ला़गित् मूलप्रमाण पत्र निट आकात् ता़रीक हिलोक् सोंगे ते आ़गुय होयोक्आआर निट आकात् ता़रीक हिलोक् वर्दी रे कार्यालय रे सेटेरो़क्होयोक्आ। शहरी आर ग्रामीण जो़तो़ गृह रक्षककोवाक् दोड़हा ते नामांकन रेयाक् ता़रीक गोटा आकाना।

**शहरी बाबाजोनाको ला़गित्**

7 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 2467 खो़न 3015 हा़बिच्।
08 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 3016 खो़न 3220 हा़बिच्।
09 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 3224 खो़ 3352 हा़बिच्।
10 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 3353 खो़न 3476 हा़बिच्।
11 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 3478 खो़न 3600 हा़बिच्।
13 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 3600 खो़न 3713 हा़बिच्।

**शहरी मायजीवको ला़गित्**

15 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 783 खो़न 1022 हा़बिच्।
16 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 1023 खो़न 1145 हा़बिच्।
17 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 1146 खो़न 1245 हा़बिच्।
18 जनवरी, 2025 हिलोक् सैन्य सं या 1246 खो़न 1284 हा़बिच्।

**ग्रामीण मायजीउ आर बाबाजोना गृह रक्षककोवाक् प्रखंड पिछा़ सूची**

20 जनवरी, 2025 हिलोक् इटकी बेड़ो और बुढ़मू प्रखंड।
21 जनवरी, 2025 हिलोक् अनगढा आर चान्हो प्रखंड।
22 जनवरी, 2025 हिलोक् कांके आर ओरमांझी प्रखंड।
24 जनवरी, 2025 हिलोक् तमाड़-नामकुम आर रातु प्रखंड।
25 जनवरी, 2025 हिलोक् बुडु, राहे, सोनाहातु आर सिल्ली प्रखंड।
27 जनवरी, 2025 हिलोक् मांडर प्रखंड। 28 जनवरी, 2025 हिलोक् लापुंग प्रखंड।

# तंबाकू जो़म ते होयोक्आक् बा़ड़िच्आक् रे स्वास्थ्य विभाग होतेते जागवार का़मीहो़रा ओराम



**खोबोरिया**

**जरमुंडी।** टोठरिया़ बाल भारती विद्यालय रे मंगलवार हिलोक् प्रभारीचिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंहआक् हुकुम रे स्वास्थ्यविभाग होते तंबाकू निषेध जागरूकता का़मीहो़रा ओराम एना। नोआ का़मीहो़रा रे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जरमुंडी रेन दंत चिकित्सापदाधिकारी डॉ अश्विनी अरमान, दंत सहायक मुनसुन रक्षित आर प्रखंडएनटीसी नोडल आनंद कुमार झा दो़ गिदरा़कोवाक् त बाकू उत्पाद खो़नफ़राक ताहेंन रेयाक् सोलहावाको तुलुच् ओनते होयोक्आक् जानलेवाबा़ड़िच्आक् बाबो़त रे फ़यलाव तेय ला़यात्कोआ। नोआ ओ़कते रेगिदरा़ ताला रे वाद विवाद हापाराव हों होय एना। नोआ रे पा़हिल ठा़ंवरे अंकिता कुमारी, दोसार रे प्रियोश्री चटर्जी आर तेसार ठा़ंव रेप्रियांशु राज दो़को हामेट केदा। हापाराव रे सेलेत् एटाक् जो़तो़गिदरा़ हों सांत्वना पुरस्कारको एमात्कोआ। नोआ का़मीहो़रा रे स्कूल रेन सचिव संजीव कुमार, प्रधानाध्यापक देविका चटर्जी, शिक्षककुणाल पराशर, शुभोदीप साहा घालो़क् एटाक्कोको सेलेत् एना।

# पंजाब रेयाक् इस्लामाबाद रे जो़रदार धमाका!, हो़ड़ाक् जिवी दो़ बाञ्चाव एना


## खालिस्तानी आतंकी हैप्पी रेन सोर गाते गैंगस्टर दो़ हमला रेयाक् जिमा़वार



**खोबोरिया**

**अमृतसर।** थाना इस्लामाबाद रे ञिन्दा़ 3.15 बजे मित्टेन जबरदस्त ब्लास्ट होयेन तायो़म पुलिस दो़ तुरा़ंत थाना रेयाक् गेटको सिञ केदा। ब्लास्ट रे जाहांय बाको घा़ल आकाना, मेनखान ताक रे बो़तो़रधाकधाक आ़इका़वक् काना। खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पसिया रेन सोरगाते गैंगस्टर जीवन फौजी दो़ सोशल मीडिया रे आयाक् जिमा़वारीदो़हो़ आकादा आर नोआ घो़टो़ना तायो़म रे आयाक् ञुतुमेजोड़ाव दो़हो़ आकादा। जीवन फौजी दो़य दा़बी आकादा जे उनी दो़ पंजाबपुलिसाक् अनुवाद खिलाफ बादला हातावे खो़जो़क् काना। पुलिस कमिश्नरदो़ मित् वीडियो रेय ला़ई केदा जे उनी दो़ साडेय आञ्जो़म लेदा आरमामला जांच ए एहो़प् आकादा। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी हों चेता़नायजारी आकादा जे पंजाब रे पुलिस थाना रे आतंकी हमला होय तानाक्दाड़ेयाक्आ। नोआ घो़टो़ना तायो़म रेयाक् सा़रीयाक् सामाडहिजुक् ला़गित् लाहा सेच् जांच चालाक् काना। हो़ड़को रे बो़तो़रआर भो़यो़नको आ़इका़वेत् काना आर सुरक्षा बाबो़त रे जा़सतीजानकारीको खो़जेत् काना। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी एनआईए लाहारे गे पंजाब पुलिस, सो़न्तो़र अलर्ट आकात्कोआ। मित् रिपोर्ट रे साफ़ मेन आकाना जे पंजाब रे पुलिस थाना रे आतंकी हमला रेयाक्साजिश होयोक् काना आर पुलिस सो़न्तो़र ते ताहेंन रेयाक् जा़रूड़ मेनाक्ताकोआ रिपोर्ट रे नोआ हों मेन आकाना जे खालिस्तानी आतंकी1984 रे बेवहारलेन डैड ड्रॉप मॉडल रेयाक् तर्ज रेको हमलाया, ओकादो़ केंद्र रेयाक् सुरक्षा जनसं या पुरा़उ ते हाई अलर्ट रेमेनाक्कोआ आर पंजाब पुलिस हों अलर्ट सो़न्तो़र ताहेंन चेता़वनाको एमात्को ताहेंना।

# ती रे त्रिशूल रेयाक् चिखना़ ताहेंन काना आ़डी सा़गुनान



**खोबोरिया**

**नवां दिल्ली ।** हस्तरेखा ज्योतिष रे हो़ड़ाक् ती रेयाक् दाग आर चिखना़ ञेल कातेक् ओनकोवाक् आगाम दिन रेयाक् काथाको बुझ ञामदाड़ेयाक्आ। ती तालका रे आयमा लेकान चिखना़ ताहेंन काना, नोआ चिखना़ खो़न मित्टेन चिखना़ नोंडका ताहेंन काना ओका दो़ हजार हो़ड़ रे मित्टेन हो़ड़ाक् ती रे बेनाव ताहेंन काना। नोआ चिखना़ दो़ काना त्रिशूल। तो़बे देलाबोन बाडायलेगे ती तालका रे ओका-ओका जायगा रे त्रिशूल रेयाक् चिखना़ ताहेंन खान ओना रेयाक् माने दो़ चेत होयोक् काना। जुदी जुदी हृदय रेखा चो़ट रे गुरू पर्वत सोर रे त्रिशूल रेयाक् चिखना़ ताहेंन खान उनी दो़ आ़डी आ़किलान हो़ड़े होयोक् काना। सूर्य रेखा रे त्रिशूल रेयाक् चिखना़ ताहेंन खान चेतान हुदा़ आर सरकारी क्षेत्र रे का़मीय ञामा। नोते त्रिशूल रेयाक् चिखना़ सांवते आर एटाक् रेखा हों ताहेंन खान ओना रेयाक् माने दो़ उल्टा़उ गे होयोक्आ। जुदी नोआ चिखना़ भाग्य रेखा रे ताहेंन खान तो़बे उनी हो़ड़ दो़ आ़डी गे भा़गान हो़ड़े होयोक् काना आर उनी दो़ जो़तो़ लेकानाक् सुक ए ञामेत् काना । नोते, ओ़को़याक् ती रेयाक् गेल का़टूप् रे भगवान विष्णुवाक् चिन्हा़ चक्र लेकानाक् चिखना़ ताहेंना उनी दो़ चक्रवर्तीय होयोक् काना। नोडकान रेखाको ते ञामो़क् काना मिमित् ताड़ाम पोंथा रे जितका़र ।

# टीबी मुक्त भारत अभियान ला़गित् बीडीओ दो़ प्रखंड ता़री रेय दुपुड़ुप् केत्कोआ



**खोबोरिया**

**काठीकुंड, दुमका।** टीबी मुक्त भारत अभियान ताला तेयाक् टीबी मुक्तपंचायत रेयाक् मो़तलो़ब ते प्रखंड विकास पदाधिकारीयाक् आ़युर रेप्रखंड ता़री तेयाक् दुपुड़ुप्ए ओराम केदा। नोआ रे प्रखंड खो़नबाछाव आकान पंचायत रेन मुखिया़को ठेन टीबी रेयाक् लक्षणान होयदाड़ेयाक् हो़ड़ाक् स्क्रीनिंग काते ओनको खुक् खाराक् सैंपल जांचला़गित् ओराम शिविर रे गो़ड़ों़क् आर एलटीको सो़मो़य खो़नजो़तो़ जावरा खुक् खाराक् जांच ओचोय रेयाक्ए हुकुमात्कोआ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार दो़ टीबी मुक्त पंचायतबेनाव मो़तलो़ब ते तेलियाचौक आर आस्तजोड़ा पंचायत रे जो़नो़ड़ावसीएचओ एएनम, सहिया आर सहिया साथीकोवाक् गो़ड़ों ते विशेष जांचशिविर ओराम रेयाक्ए काथाय मेन केदा। सांवते गे पिरामल स्वास्थ्यखो़न जिला प्रतिनिधि कृष्ण कुमार पोद्दार दो़ नोआ काथा रेय चारचा केदा जे टीबी मुक्त पंचायत बेनाव ला़गित् तुरूई इंडिकेटर मेनाक्आ। नोआ रे मित् मा बाछाव पंचायत रेयाक् जो़तो़ आतो खो़न आबादीरेयाक् पे प्रतिशत खो़न जा़सती होय दाड़ेयाक् हो़ड़ाक् स्क्रीनिंग आर दोसार पॉजिटिव हो़ड़को ला़गित् निश्चय मित्र बानावको रेयाक् जा़रूड़तेत् रेय ला़यात्कोआ। वरिष्ठ यक्ष्मा प्रयवेक्षक अभिजीत दास दो़ निक्षय पोषण योजना बाबो़त रेय ला़ई केदा। दुपुड़ुप् रे मुखिया़ शांतिलता मुर्मू आर रामेश्वर मोहली, बीपीएम संदीप मुर्मू, सीएचओ स्वेता कुमारी एएनएम संतोषनी टुडू आर उज्जवल सोरेन आर एटाक्कोको सेलेत् एना।

# गंगा रे खनन इदि काते ढेर एना झोगड़ा, मातृसदन रेन संताक् ला़ड़हा़ई ते गो़रो़म आकाना सियासत



**खोबोरिया**

**हरिद्वार।** मातृसदन रेन संत स्वामी दयानंदाक् खनन उपा़र रे अनशन दो़11वां दिन हिलोक् हों तोंगे गेया। पारो़मेन दिन एसडीएस आर एमान प्रशासनिक अधिकारी दो़ मातृसदन सेटेर काते अनशन चाबाय ला़गित्कोनेहो़रादे ताहेंकाना, मेनखान मातृसदन दो़ नोआ मेन काते प्रशासनिकटीमे कोल रूवा़ड़कात्को ताहेंकाना जे तिन हा़बिच् ड्रेजिंग रेयाक् ञुतुम ते गंगा रे चालाक्कान गेलेच् बाङ बोंदो़क्आ उन हा़बिच् उनीयाक् अनशन दो़ तोंगे गे ताहेंना। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे खनन बाबो़त रे निया़हा़ली राजनीति होंखुप् गो़रो़माकाना। मामला दो़ चा़लू सत्र रे संसद रे हों राकाप् चुका़वाकाना। खनन बाबो़त रे आरोप-प्रत्यारोप दौर हों तोंगे गेया।माड़ाङ रेन मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद रेन सोर हो़ड़ भाजपा नेता विक्रम भुल्लर दो़ नोआ राजनीतिक साजिश मेतावात् तुलुच् मातृसदन उपा़र रे आयमा दो़से लादे लेदा। ओना तायो़म मातृसदन सेच् खो़न उनी दो़ मानहानिरेयाक् नोटिस एमावादेया।

नो़ते, भाजपा नेता विक्रम भुल्लर दो़य मेनेत् काना जे सरकार आरसिरा़मंत्री दो़ बदनामे रेयाक् साजिश दो़ एकदो़म ते बाङ साहावा। ला़कती पाड़ाक् रे सो़ड़ो़क खो़न सदन हा़बिच् ला़ड़हा़यो़क् होयोक्आ।

# बारया बाइक ठो़को़रेन ते मित् हो़ड़े घा़ल एना

**खोबोरिया**

**फ़तेहपुर।** गोविंदपुर-साहिबगंज हो़र रे फ़तेहपुर चौक रे बारया बाइक आमने-सामने ठो़को़रेन ते बाइक देच् मित् हो़ड़े घा़ल एना। पुलिस पेट्रोलिंग गा़डी ते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फ़तेहपुर तेको इदीकेदेया। बाडायाकान लेकाते घा़ल हो़ड़ दो़ खागा थाना टोठा रेयाक्श्रीरामपुर रेन राजेंद्र हेम्ब्रम कानायको ला़ये काना। टोठरिया़ हो़ड़ लेकाते, मित्टेन बाइक रे स्कूल पा़ठवा़ सांवते ओवा़रा़सकोसेनो़क्कान ताहेंना, तो़बे नाते खो़न आ़डी रेस हिजुक् कान ताहेंनमित् बाइक डायबो़र दो़य ठो़को़र केदा। नोआ ते बानार बाइक रेदेच् हो़ड़को ञुरहा़ एना। ताक रे आ़डीको भीड़ केदा। काथा बाडायकाते पुलिस पेट्रोलिंग गा़डी ते घा़ल हो़ड़ दो़ राने ला़गित् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फ़तेहपुर तेको इदी केदेया। नो़ते पुलिस दो़बाइकको काबजा केत् ते थाना तेको इदी केदा।

# प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दो़ डीलरको सोंगेय ओराम केदा दुपुड़ुप्

**खोबोरिया**

**रानीश्वर।** अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संदा नुसरत दो़बालेमाहां हिलोक् अंचल कार्यालय रेयाक् सभागार रे पीडीएस डीलरको सोंगेय दुपुड़ुप् एना। दुपुड़ुप् रे एमओ दो़ जो़तो़ डीलरको 31दिसंबर हा़बिच् ते कार्ड मेनाक् हो़ड़ाक् ई केवाईसी काताकोरेयाक् केटेच् सालाक्ए हुकुमात्कोआ। सांवतेय ला़यात्कोआ जेबेगोर अनाज ते ओ़को़य हो़ड़ हों आलोको ताहेंनमा। आदिम जनजाति पहाड़िया लाभुकको दो़ डोर स्टेप डिलीवरी दाराय ते अनाज हा़टिञाकोरेयाक् निट ला़गित् सहायक गोदाम प्रबंधके हुकुमादेया। दुपुड़ुप् रेजो़तो़ डीलर आर सहायक गोदाम प्रबंधक विश्वनाथ सिंह सेटेराकाने ताहेंकाना।



# मोंड़ें माहांकिया़ चासाय इतुन पुरा़वेना, इतुन हामेटकोको ञाम केदा पो़रमान साकाम



**खोबोरिया**

**कुंडहित।** कुंडहित प्रखंड रेयाक् बागडेहरी रे जिला उद्यान कार्यालय जामताड़ा होतेते मोंड़ें माहांकिया़ इतुन दो़ जिला कृषि पदाधिकारी सहजिला उद्यान पदिधकारी लव कुमाराक् सेनेटेर रे मुचा़त् एना। जिलाउद्यान पदाधिकारी होतेते चा़सीको चास-बास आर नोआ ञेल-जो़तो़न रेरो़ग-आजार रान बाबो़त रे बानाडाये एमात्कोआ। नाहांक् रेयाक्सापाप् ते उतुतेयाक् चास-बास बाबो़त रे जो़तो़को बानाडायेएमात्कोआ। उनी दो़ सेटेराकान ताहेंन इतुन हाक्मेटको चास-बासएहो़ब लाहा रे बिजमृत, जीवामृत, हासा जांच, खेत रे चास-बास ताला रे मलचिंग आर ड्रिप ते चासाय रेयाक् धारा आर नोआ बेवहार तेचा़सीकोवाक् होयोक्कान पो़रहो़ बाबो़त रे हो़ंय ला़यात्कोआ। उनीदो़य मेन केदा जे सेताेङ चास रे जावगे ञेलो़क् काना जे को़म दाक्रे मो़ंज ओ़रजो़न आर ओना खो़न ञामो़क् पो़रहो़ बाबो़त रे हों मो़ंज ते ला़याको तुलुच् उतुतेयाक् चासा काते को़म दाक् रे आ़डी मो़ंज आमदानी होयोक् काना। आर से नो़ते इतुन मुचा़त्एन तायो़म इतुन हाक्मेटको दो़ पो़रमान साकाम आर इता़ एम कातेको मानो़त केत्कोआ।

**पूर्व रेलवे**

**ठिका़ खो़बो़र सं. ईएलएस-एएसएन-ब्रेक-आरआईजी-24, मा़हित 16.12.2024,** पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिका़दारको जाहांय ठेन प्रमाणित आनाटकार आर नोआ का़मी पुरा़उ रे का़उडी रूप रे दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खो़न खुला़ ठिका़ आधार रे ई-ठिका़ नेवतायेत् काना: **का़मी रेयाक् ञुतुम आर नोआ रेयाक् जायगा:** मॉडिफिकेशन शीट नं. आरडीएसओ/2009/ईएल/एमएस/0381 रिव च0ज लेका रे हाई स्पीड परिचालन ला़गित् डब्ल्यूएजी 9 लोको रे पारंपरिक ब्रेक रिगिंग बेबा़सताय रेयाक् प्रावधान। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 1,91,85,498/-, **ठिका़ कागो़च रेयाक् गो़नो़म:** रु. 5,000/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 18 चान्दो। **बोंदो़क् आर झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** मा़हित 15.01.2025 हिलोक् 15:00 बजे बोंदो़क्आ आर 15.00 बजे झिजुक्आ। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-276/2024-25

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

**नोंडे पांजालेपे:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# महाकुंभ रे बाङ ताहेंना टा़न्डीते ओड़ाक् रेयाक् ओ़सुबिसता, एहो़प् एना सार्वजनिक टा़न्डीते ओड़ाक् रेयाक् जिओ टैगिंग



**खोबोरिया**

**वाराणसी।** महाकुंभ 2025 रे भो़कतो़ दो़ प्रयागराज तायो़म वाराणसीतेको सेटेरो़क्आ। भो़कतो़कोवाक् जो़तो़ खो़न माराङमुसकिलाक् दो़ साफ़-साफ़ी टा़न्डीते ओड़ाक् बाङ ञामो़क् गे काना। सो़ड़ो़क रे पाड़ाक् वाला सार्वजनिक टा़न्डीते ओड़ाक् रेयाक्ठिका़ना बाडाय ठीक दो़ आ़डी मुसकिल ताहेंन काना। वाराणसी जिलाप्रशासन दो़ भो़कतो़कोवाक् नोआ मुसकिलाक् फ़न्डाव ताको ला़गित् प्रयागराज खो़न वाराणसी रेयाक् जो़तो़ डाहार रे सार्वजनिक टा़न्डीते ओड़ाक् रेयाक् जिओ टैगिंगए एहो़प् आकादा।

मुख्य विकास अधिकारी दो़य ला़ई केदा जे नगर निगम होतेते डिहा़तटोठा रे मेनाक् सार्वजनिक टा़न्डीते ओड़ाक् रेयाक् जिआ टैगिंगका़मी दो़ एहो़प् आकाना। डिहा़त टोठा रे नित 700 गो़टेच् खो़नजा़सती सार्वजनिक टा़न्डीते ओड़ाक् मेनाक् आकादा। नोआ साफ़-सा़फ़ीयरेयाक् जिमा़बा़री दो़ सफ़ाईकर्मीकोवाक् जिओ टैगिंग दाराय तेता़नखी दो़ होयोक् काना। सर्च इंजन गूगल रे नोवाको जो़तो़ सार्वजनिकटा़न्डीते ओड़ाक् रेयाक् लोकेशन ताहेंना। जाहांय गे गूगल मैप दाराय ते आपनार आडे-पासे रे मेनाक् सार्वजनिक टा़न्डीते ओड़ाक् रेयाक् ठिका़नाको बाडाय ञाम दाड़ेयाक्आ। टा़न्डीते ओड़ाक् दो़गूगल मैप रे पिन इदियेत् काना। जिलाधिकारी दो़ महाकुंभ ताला रे डाहार रे खुला़सा जेल आ़खरिञ बाबो़त रे ओना सांव जोड़ाव विभाग दो़ कार्रवाई रेयाक् चेतावनीय एम आकाना। जाहांटाक् धो़रो़म रेयाक् मा़न आलो कांड़गो़क्। डीएमदो़ हरहुआ, जगतपुर, लहरतारा एमान जायगाको रे सुविधा लेका रे जायगाको चिन्हा़प तुलुच् अस्थायी बस स्टैंड बेनाव ला़गित् मेनआकात्कोआ जेमो़न शहर रे आ़उड़ीयाक् ते भीड़ आलो ला़गाक्।जिलाधिकारी दो़य मेन केदा जे शहर दो़ प्लास्टिक फ्री बेनाव ला़गित् मित् हापता हा़बिच् मित् गे तालाव जागवार ला़ड़वना चालावमा। जिलाधिकारीदो़य मेन केदा जे डाहार उदुक् वाला बोर्ड लागाव, गलीको रे बाङमा़ईला़क् आर शहार रे मित् हों तालाव साफ़-साफ़ी होयो़क् लेक काना। खाद्य सुरक्षा विभाग दो़ होटलको, दुकानको, ठेलाको एमानकोरेको दुकान जो़म जिनिसको दो़ मो़ंज ते चेकिंग, गुणवत्ताये गोटायमा,जेमो़न जाहां भो़कतो़कोवाक् धो़रो़मिया़ मा़न आलो कांड़गो़क्।जिलाधिकारी दो़य मेन केदा जे बिजली विभाग दो़ बातलाव आकादेया जेमोरेयाकान तारको दो़य बो़दो़लमा आर ट्रांसफ़ार्मर खूंटी दो़ प्लास्टिक ते एसेत् आ़चुर सालाक् सो़ड़ो़क रे मेनाक् आकात् बिजलीखूंटी दो़ उसारा़ तेय ओ़चो़गमा।

# संजय दत्त आर उनी रेन ओड़ाक् हो़ड़ मान्यता दो़ दुबई रेकिन एहो़प् केदा नावां फूड वेंचर



**खोबोरिया**

**मुंबई ।** सोर दिन गे आयमा बॉलीवुड सेलिब्रिटीज दो़ नावां बिजनेस फील्ड रेजांगाको दो़हो़ आकादा। सलमान खान बोयहा कुड़ी अर्पिताए मलाइका अरोड़ा, भूमि पेडनेकर, शिल्पा शेट्टी घालो़क् जो़तो़ सेलिब्रिटीज दो़ फूड इंडस्ट्री रे डेब्यू आर आपान-आ़पिन आलीशन रेस्टोरेंटकोएहो़प् केदा। आयमा नामडाक हस्ति दो़ आकोवाक् मेकअप आर किचरिच्रेयाक् ब्रांड होंको एहो़प् आकादा। एक्टिंग सांव-सांवते बिजनेस सेच् मो़नेयाक्को एक्टर्सआक् लिस्ट रे नितो़क् बॉलीवुड रेन संजू बाबावाक् ञुतुम हों जोड़ाव आकाना। 65 उमा़र रे संजय दत्त दो़ आच्बा़हू मान्यता दत्त सांवते दुबई रे नावां बिजनेसकिन एहो़प् आकादा।संजय दत्त आर मान्यता दत्तआक् नावां बिजनेस ञुतुम आ़डी जुदा़ दत्तसफ्रैंक्रटी काना।

# एसकेएमयू में हड़ताली कर्मचारियों के साथ कुलपति की वार्ता विफल, हड़ताल जारी

## विश्वविद्यालय मुख्यालय के मेन गेट और सभी अंगीभूत कॉलेजों में तालाबंदी के कारण पठन-पाठन ठप है

● सातवें वेतनमान की मांग को लेकर कर्मचारी 20 दिनों से हड़ताल पर हैं



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के हड़ताली शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच मंगलवार को हुई वार्ता विफल हो गई।सातवें वेतनमान की मांग को लेकर कर्मचारी 20 दिनों से हड़ताल पर हैं।विश्वविद्यालय मुख्यालय के मेन गेट और सभी अंगीभूत कॉलेजों में तालाबंदी के कारण पठन-पाठन सहित सारे काम ठप हैं।

मंगलवार को कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर जाकर हड़ताल व तालाबंदी कर रहे विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों से वार्ता की।वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने हड़ताली कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के लिए किये गए प्रयासों की जानकारी देते हुए छात्र हित में हड़ताल समाप्त करने का अनुरोध किया।हड़ताली कर्मचारियों ने वार्ता के बाद यह निर्णय लिया कि जब तक सातवें वेतनमान के आधार पर वेतन नहीं मिलेगा, हड़ताल और तालाबंदी जारी रहेगी।वार्ता में कुलपति के साथ कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव, सभी संकायों के डीन और स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे। वार्ता के दौरान कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि शिक्षकेतर कर्मचारियों की मांगों से राजभवन व सरकार को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक नहीं बल्कि दो बार निदेशालय व राजभवन को पत्र भेजा गया है। जिसके आलोक में राजभवन ने निदेशालय को यथाशीघ्र सातवें वेतनमान के अनुसार वेतन निर्धारण करने का निर्देश भी दिया है। उसके बावजूद उच्च शिक्षा विभाग में मामला लंबित है। कुलपति ने कहा कि निदेशालय से प्राप्त 14 दिसंबर के पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा वेतन निर्धारण से संबंधित कोई भी दस्तावेज निदेशालय को नहीं भेजा गया है। इस पर विश्वविद्यालय ने निदेशालय को अपना पक्ष भेज दिया है जिसमें विश्वविद्यालय ने कहा है कि सातवें वेतनमान के तहत वेतन निर्धारण के दस्तावेज पहले ही भेजे जा चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति ने धरने पर बैठे कर्मचारियों से धरना समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में तालाबंदी से छात्र समेत विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कर्मचारियों को अपने स्तर से हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि यहां तालाबंदी करने से समस्या का समाधान नहीं होगा, मिल बैठकर बात करने से ही समस्या का समाधान होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने भी अपनी ओर से हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि बंद के कारण छात्रों को परेशानी हो रही है और प्रशासनिक कार्य बाधित हो रहा है।

वार्ता में सभी महाविद्यालयों के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अच्छी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान प्रारंभ नहीं किया जाएगा हड़ताल जारी रहेगा।

### कुलपति पहले पावर लाएं तब वार्ता करें : नेतलाल मिर्धा

**दुमका।**एसकेएमयू शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के सचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि अब कर्मचारी वार्ता एवं आश्वासन के भरोसे नहीं रहेंगे। हमलोगों का मात्र एक ही मांग है और अगर कुलपति इसे भी नहीं दे सकते तो तो पहले पावर लाएं फिर वार्ता करें। भूखे पेट नौकरी नहीं की जाती। पहले तो वेतन कटौती करते हैं और और जो हमारा पावना है उसे दे भी नहीं सकते।

### हम आंदोलन को और उग्र करेंगे : धीरेंद्र राय



विधायक बसंत सोरेन से मिले हड़ताली कर्मचारी

**दुमका ।** शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र राय ने कहा कि जब वर्तमान कुलपति हम कर्मचारियों को हमारा हक नहीं दिला सकते तो उन्हें भूखे कर्मचारियों से कार्य लेने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। हम आंदोलन को और उग्र करेंगे और शिक्षा मंत्री के समक्ष गुहार लगाएंगे।मंगलवार को हड़ताली कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल दुमका के विधायक बसंत सोरेन से मिला और अपना मांगपत्र समर्पित किया। विधायक श्री सोरेन ने आश्वासन दिया कि उनके स्तर से जो भी मदद होगा, करेंगे।

## ग्रामीण विकास मंत्री ने की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक

# राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गांव का विकास महत्वपूर्ण : दीपिका पांडे



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को परिसदन दुमका में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि आमजनों की परेशानियों को कम करना सरकार की प्राथमिकता है। पंचायत भवन में ग्रामीणों की जरूरी कागजात बनाने की व्यवस्था हो जाने से उनकी काफी समस्या दूर हो जाएगी। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास को लेकर कई कार्य कर रही है एवं करने जा रही है। मुख्यमंत्री के निदेश पर विभाग द्वारा संचालित कार्यों की जिलावार समीक्षा की जा रही है, ताकि बजट तैयार करने में आसानी हो। साथ ही जिले में चल रहे विभाग की योजनाओं को गति दी जा सके। वैसे आदिवासी एवं पिछड़े गांव जो सड़क तथा पुलिया के अभाव में शहर से नहीं जुड़ पाए उन्हें प्राथमिकता पर लेकर प्राक्कलन तैयार करते हुए उक्त कार्य किया जाएगा, ताकि उक्त गांव के ग्रामीणों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। कहा कि ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कहा कि पंचायत कार्यालय को और भी सशक्त किया जाएगा ताकि गांव के लोग पंचायत कार्यालय जाकर अपने जरूरी कार्य कर सकें। बैठक में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान प्रमुख विषयों पर चर्चा की गयी। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत जिले में चल रहे रोजगार सृजन व कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करायें और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्यों की स्थिति से अवगत होकर लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण, साफ-सफाई की स्थिति और कचरा प्रबंधन पर चर्चा की गयी। मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पंचायतों की भूमिका और अधिकारों पर जोर दिया। आवास योजनाओं में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थियों को समय पर मकान एवं मकान निर्माण के लिए पैसा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

# बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में महिला से कानबाली की छीनतई, मामला दर्ज



संवाददाता

**जरमुंडी ।** मंदिर प्रशासन तथा थाना पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद बासुकीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में पॉकेटमारी और छीनतई की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। आएदिनों बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में भीड़ का लाभ उठाकर पॉकेटमारों और बदमाशों द्वारा श्रद्धालुओं के सोने के गहने और कीमती सामान छीनने की घटना को अंजाम दिया जाता रहा है। ताजा घटनाक्रम में सारठ प्रखंड के चितरा थाना क्षेत्र निवासी प्रतिमा देवी इन अपराधियों का शिकार बनी हैं। देवघर जिले के सारठ प्रखंड अंतर्गत चितरा थाना क्षेत्र निवासी डॉ अरूण कुमार मंडल व उनकी पत्नी प्रतिमा देवी बाबा बासुकीनाथ की पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे। बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान प्रतिमा देवी के सोने की कानबाली अज्ञात पॉकेटमार बदमाशों ने छीनतई कर ली। कानबाली छीनतई के घटना को लेकर पीड़िता प्रतिमा देवी ने जरमुंडी थाना में लिखित शिकायत की। जरमुंडी थाना में लिखित शिकायत दिए जाने के बाद पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाला गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में कानबाली छीनते हुए एक अज्ञात अपराधी की तस्वीर दिखाई दे रही है। पुलिस द्वारा इस संदर्भ में अज्ञात अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए जांच पड़ताल में जुट गई है।

# लेखाहोड़ की समस्याओं को दूर करे सरकार : महादेव

## ग्राम प्रधान मांझी संगठन की जरमुंडी प्रखंड इकाई ने नई सरकार को बधाई दी

संवाददाता

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड अध्यक्ष महादेव यादव की अध्यक्षता में एक मासिक बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर बैठक में लेखाहोड़ के द्वारा झारखंड की नई हेमंत सोरेन सरकार को संगठन की ओर से बधाई दी।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष महादेव यादव ने कहा कि नई सरकार से संगठन को काफी आशा है।उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि हेमंत सरकार ग्राम प्रधान लेखा होड़ की समस्याओं को दूर करेगी और सरकार के नेतृत्व में लेखाहोड़ ग्रामीणों और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ग्राम्य विकास की ओर उन्मुख होगें। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष महादेव यादव ने लेखा होड़, नायकी, जोग मांझी, कुड़मनायकी, पराणिक एवं गुड़ैतों के सम्मानित राशि में वृद्धि करने तथा बकाया राशि के भुगतान की मांग की। उन्होंने कहा कि यह भी बताया कि आगामी 22 दिसंबर को दुमका के इंडोर स्टेडियम में ग्राम प्रधान मांझी संगठन की ओर से प्रधान दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर सभी ग्राम प्रधान एवं लेखा होड़ से अपील करते हुए भारी से भारी संख्या में उपस्थित होने की उन्होंने अपील भी की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष महादेव यादव, देवनारायण मुर्मू , नेमाह सोरेन, महादेव बास्की, सोमलाल सोरेन, नुनुलाल किस्कू, जिना मुर्मू एवं सैकड़ों लेखा होड़ मौजूद थे।

### पुलिस आज करेगी जन समाधान कार्यक्रम

**दुमका।** जिला पुलिस की ओर से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को इंडोर स्टेडियम, दुमका में सुबह 11 बजे से आयोजित की गयी है जिसमे नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, दिग्घी ओपी, काठीकुंड थाना, गोपीकांदर थाना, मसानजोर थाना, मसलिया थाना, टोंगरा थाना से सम्बंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा। पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर सभी नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें किसी प्रकार की शिकायत और समस्या हो या किसी प्रकार की सूचना देनी हो तो दिनांक 18-12-2024 को सुबह 11 बजे से निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर दुमका पुलिस को आपकी सेवा का मौका दे अथवा जनशिकायत समाधान कोषांग के वाट्सअप नंबर 9479590235 तथा पुलिस अधीक्षक दुमका के ईमेल आईडी sp-dumka@jhpolice.gov.in पर सूचना अवश्य दें।

### बालगृह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दुमका।** 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरिच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के सचिव उत्तम सागर राणा ने मंगलवार को धधकिया स्थित बालगृह में जागरूकता कार्यक्रम किया गया । जहां आवासित बच्चों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाबत प्राधिकार के सचिव ने बताया कि यह कार्यक्रम 90 दिनों तक जारी रहेगा इसके तहत जिले के सभी प्रखंड व पंचायत में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स, बाल श्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, स्पॉन्सरशिप योजना से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। उपस्थिति कार्यक्रम में स्थाई लोक अदालत की सदस्य सुश्री काजल कुमारी, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह, अधिवक्ता नेहा पांडे तथा पारा लीगल वोलटियर्स उपस्थित थे।

### 19 से 24 दिसंबर तक जिले में लगेगा विशेष शिविर

**दुमका ।** प्रशासन गांव की ओर÷ कार्यक्रम के तहत जिले में 19.12.2024 से 24.12.2024 तक प्रखंड स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले भर में सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र में सुधार करना और विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। आयोजित जागरूकता शिविर में लोगों के बीच शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि सुशासन सप्ताह के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों जागरूक किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से आमजनों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।

### आज होगा पुलिस जन समाधान कार्यक्रम

**जरमुंडी ।** जरमुंडी मुख्य बाजार स्थित पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज बुधवार को दुमका पुलिस के द्वारा पुलिस जन समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जरमुंडी थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने बताया कि इस शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। इसमें जरमुंडी थाना, जामा थाना, तालझारी थाना, हंसडीहा थाना, रामगढ़ थाना एवं सरैयाहाट थाना क्षेत्र के ग्रामीणों से पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से लेकर अपराह्न चार बजे तक आवेदन प्राप्त किये जाएंगे।

### पेंशनर समाज ने की सांगठनिक मजबूती पर चर्चा

**जरमुंडी ।** जरमुंडी ऊपर बाजार स्थित यात्री शेड में पेंशनर समाज के जरमुंडी प्रखंड इकाई की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष सोनालाल हेम्ब्रम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों के समस्याओं के निदान हेतु सांगठनिक मजबूती एवं संगठन के विस्तारीकरण पर चर्चा हुई। प्रखंड अध्यक्ष श्री हेम्ब्रम ने बताया कि बैंक में पेंशन लेने के लिए पेंशनरों को काफी देर तक खड़ा रहना पड़ता है, बैंक प्रबंधक से मिलकर बैंक परिसर में पेंशनरों के लिए अलग से काउंटर लगाने की मांग किये जाने की बात कही। कहा संगठन के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इस मौके पर पेंशनर अरूण पत्रलेख, दशरथ मंडल, उर्मिला देवी, बाबूधन हांसदा, सुमेश्वर मंडल, रावण टुडू, नुनूलाल हेम्ब्रम, धाजू हांसदा, राजेंद्र, मिलन पत्रलेख, अनंत प्रसाद झा आदि मौजूद थे।

### विभिन्न मांगों को लेकर सीएस से मिला चिकित्सासंघ



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** चिकित्सा संघ दुमका का शिष्ट मंडल मंगलवार को सिविल सर्जन से मांगो पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई। जिसमें बी पी एच यू के तहत कर्मियों का सीघ्र भुगतान करने के संबंध में ।अटल मुहल्ला क्लीनिक के कर्मियों का मानदेय समय पर देने के सम्बंध में ।आउट शोसिंग कर्मियों का समय पर वेतन देने के सम्बंध में । आउट शोसिंग कर्मियों का पी एफ खाता में कटौती किये गए राशि को पी एफ खाते में जमा करना।श्रीकुमार मिश्र के बकाया वेतन के सम्बंधित में भी चर्चा हुई है इसके अलावे

अनुबंध के आवंटन पर भी सिविल सर्जन से चर्चा हुई,एक सप्ताह के अंदर आने का आश्वासन प्राप्त हुआ है। शिष्ट मंडल में अध्यक्ष तपन कुमार ठाकुर,कैलाश प्रसाद साह,ज़िला सचिव,शेलेन्द्र कुमार ज़िला कोषाध्यक्ष,ज़िला मीडिया प्रभारी सच्चिदानंद सोरेन और मनोज कुमार प्रखंड सचिव,जरमुंडी उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के चक्रव्यूह में प्रमंडलीय बंदोबस्त कार्यालय, कर्मी और भूमाफिया फूंक रहे हैं जान

### विधि लिपिक संघ ने आयुक्त से आउटसोर्सिंग कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** प्रमंडलीय बंदोबस्त कार्यालय में कर्मियों एवं भूमाफियाओं के मिलीभगत से पूरी व्यवस्था चौपट हो गई है।अधिवक्ताओं एवं लीगल डॉक्यूमेंट प्राप्त करने वाले लोगों को भले ही डॉक्यूमेंट उपलब्ध न हो परंतु भूमाफियाओं को कर्मियों की मिलीभगत से मिनटों में भू दस्तावेज प्राप्त हो जाते है। बंदोबस्त कार्यालय में भूमाफियाओं एवं कार्यालय कर्मियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की मकर जाल की चक्रव्यूह में फंसे बंदोबस्त कार्यालय के कृत्यों से त्रस्त अधिवक्ता लिपिक विधि लिपिक संघ इकाई ने बंदोबस्त पदाधिकारी संथाल परगना प्रमंडल से जमीन का पर्चा का नकल या केश रेकार्ड ससमय उपलब्ध करवाने की मांग की। विधि लिपिक संघ बंदोबस्त कार्यालय द्वारा संताल परगना के छह जिला का नकल निकलता है । बंदोबस्त कार्यालय के सभी विधिक लिपिक और जिला अभिलेखाकार कार्यालय के कर्मीयों के व्यवहार से आहत है। चूनिंदा लिपिको और भू-माफिया का नकल की प्रमाणित प्रति 10 दिन में दे दिया जाता है जिला अभिलेखागार में कार्यरत कुछ कर्मचारी भू-माफियाओं और लिपिकों का कार्य अविलम्ब कर देते है। विधिक लिपिक संघ एक दिवसीय भुख हड़ताल धरना प्रर्दशन करते हुए संताल परगना आयुक्त के समक्ष अपनी मांग को रखेगा। लिपिकों को कोर्ट संबंधी कार्य हो नकल पर्चा का काम सुलभता से सम्पादित हो । कार्यालय के आउट सोसिंग स्टाफ के द्वारा गलत ढंग से किसी खास लिपिक को 10 दिनों के अंदर नकल पर्चा उपलब्ध कराया जा रहा है।

### बाइक के धक्के से एक युवक की मौत

**हंसडीहा।** नेशनल हाईवे 133 स्थित हंसडीहा थाना क्षेत्र के खैरीबारी गांव के समीप बाइक के धक्के से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जाता हैं कि मृतक घटनास्थल के पास से सड़क से गुजर रहा था इसी दौरान बाईक सवार उसे ठोकते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में बाइक सवार विजय मिर्धा(25) ग्राम विराजपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे हंसडीहा पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान अनिल राय पिता बाबूलाल राय ग्राम चतरामोर थाना हंसडीहा के रूप में की है।

### कुएं में कूद कर किशोर ने की आत्महत्या

**रामगढ़ ।** प्रखंड के छोटी रण बहियार पंचायत के पण्डुआ गांव में 14 वर्षीय किशोर ने कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार की देर शाम की है। मृत किशोर का नाम मोहन राय है। वह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, छोटी रण बहियार में अष्टम वर्ग में पढ़ता था। सोमवार को वह विद्यालय गया था तथा उसने अष्टम वर्ग की बोर्ड परीक्षा के लिए अपना रजिस्ट्रेशन भी कराया था। विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार उसने विद्यालय में चल रहे मध्याह्न भोजन योजना के तहत सोमवार को भोजन भी किया था। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में छुट्टी होने के बाद मोहन मेला देखने गंगवारा चला गया था। मेला देखकर वह देर शाम में गांव लौटा था। तत्पश्चात वह गांव के बाहर सड़क किनारे अवस्थित सरकारी सिंचाई कूप के पास पहुंचा।उसने सिंचाई के काम में आने वाले बिजली के तार से एक बड़े पत्थर को अपने शरीर से बांध लिया तथा कूप में छलांग लगा दी। खेतों की तरफ से लौटते हुए कुछ लोगों ने उसे छलांग लगाते हुए देखा तथा शोर मचाया। इसके बाद आस-पास के लोग जुटे तथा मोहन को बाहर निकालने की कोशिश में जुट गए। लेकिन शरीर से भारी पत्थर बंधा होने के कारण मोहन का पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद लोगों ने कुएं में झग्गड़ डाला।झगड़ की सहायता से उसके शरीर को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक मोहन की मृत्यु हो चुकी थी।इसके बाद ग्रामीणों ने हंसडीहा थाने को मामले की सूचना दी। मंगलवार की सुबह हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह के निर्देश पर एसआई एसजे सिंह पुलिस बल के साथ पंडुआ पहुंचे तथा शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,दुमका भेजा।

### बीडीओ ने की बैंकर्स के साथ बैठक

**रानीश्वर(दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को प्रखंड सभागार में बैंकर्स के साथ बैठक की। लीड बैंक अधिकारी दुमका के उपस्थिति में विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक एवं विभिन्न विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बी एल बी सी की समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान जे एस एल पी एस से फर्स्ट लिंकेज सी सी एल, मुद्रा लोन उद्योग विभाग से पीएमएफएमई, पी एम ई जी पी, कृषि विभाग से के सी सी ऋण, के सी सी ऋण माफी योजना को लेकर चर्चा हुई। जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी बैंक के योग्य आवेदकों को शीघ्र ऋण देने का निदेश दिया गया।बीडीओ ने सभी शाखा प्रबंधक को अबुआ आवास योजना के लाभुकों की सूची उपलब्ध करा कर जिन लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि बैंक खाता एवं आधार लिंक के कारण नहीं हुई हैं उन लाभुकों को भुगतान हेतु शीघ्र निराकरण करने कहा। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड समन्वय उद्योग विभाग एवं बी पी एम जे एस एल पी एस मोजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पेंशनर्स डे

## 15 पेंशनरों को एसबीआई बैंक ने अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज दुमका के प्रशाल में अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर के सभापतित्व में मंगलवार को राष्ट्रीय पेंशन दिवस धूमधाम से मनाया गया । जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माला पहना कर किया गया ।समाज के सचिव तारणि प्रसाद कामत ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आज के दिन ही माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पेंशनरों के लिए पेंशन सुविधा का प्रावधान किया है जिसके फलस्वरूप ही आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है । मीडिया प्रभारी डॉ कुंदन झा ने बताया कि 80 वर्ष से ऊपर के 15 पेंशनरों को भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया जिनमें महावती हेंब्रम शिकारी पाड़ा सुबोध ठाकुर रामगढ़, सविता देवी दुमका ,दशरथ मंडल जरमुंडी, नून मनी मंडल सरैया हाट,तारिणी प्रसाद मंडल सरैयाहाट, देवनारायण मंडल दुमका , जगदीश झा सरैयाहाट ,नजीबुल्लाह अंसारी शिकारीपाड़ा , विष्णु देव प्रसाद दुमका , वीरेंद्र कुमार ओंडवार दुमका,इग्नेश मुर्मू शिकारीपाड़ा, जय नाथ मांझी सरैयाहाट, सुशीला देवी सरैयाहाट एवं निर्मला देवी सरैयाहाट मुख्य हैं ।आयोजन को सफल करने में परेश चंद्र साहा बाल किशोर कापरी सत्यनारायण यादव पूरन देशवाल बैद्यनाथ सिंह मणिकांत लायक अरविंद झा द्वय विजय कुमार गणेश साह अरविंद मिश्रा श्रीकांत प्रसाद भवानी शंकर प्रसाद सोनेलाल हेमब्रम चंद्रशेखर मिश्रा इंजीनियर के एन सिंह बानेश्वर राय दुर्गा चौरसिया शंकर झा प्रद्युमन शर्मा जयकरण महतो राधे मिस्त्री अब्दुल रशीद सनातन भूई अंजनी कुमार सिंह सीताराम यादव गोपाल चंद्र झा के वी झा का काफी सहयोग रहा ।मंच संचालन का कार्य कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने किया ।आयोजन में सैकड़ों स्त्री पुरुष पेंशनरों ने भाग लिया ।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686